卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 7 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦13 अक्टूबर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## कार्बेट पार्क की सैर पर पहुंचे धामी

रामनगर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार सुबह जिम कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में सफारी फॉरेस्ट रेंज में सफारी करने पहुंचे, गेट पर ही खड़े पर्यटकों का अभिवादन स्वीकार किया और पार्क के अंदर जाते ही हिरन किसी सुरक्षा तंत्र के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने यहां भी पर्यटकों के साथ टाइगर और पर्यटन की चर्चा की।मुख्यमंत्री



की और पर्यटकों के साथ बातचीत भी की। इस दौरान सीएम धामी को टाइगर के दीदार भी हुए। सीएम धामी देर रात्रि रामनगर पहुंचे सुबह कॉर्बेट पार्क झिरना का पीछा करते टाइगर का दृश्य देख रोमांचित हुए।वहां खड़े पर्यटक भी अपने बीच सफारी वाइल्ड लाइफ ड्रेस पहने सीएम धामी को देख हैरान हो गए, बिना धामी ने झिरना विश्राम गृह में अल्प विश्राम किया और गश्त करने वाले फॉरेस्ट कर्मियों के साथ चाय पी । धामी ने सुरक्षा निगरानी (शेष पृष्ठ सात पर)

## अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने बाबा केदार के किये दर्शन

रूद्रप्रयाग (उद संवाददाता)। बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी बाबा केदार के दर्शन के लिए पहुंचीं। उनके यहां पहुंचते ही बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने उनका स्वागत किया। रानी ने मंदिर में पूजा-अर्चना की और इसके बाद बीकेटीसी की ओर से उन्हें भगवान केदारनाथ का प्रसाद भेंट किया गया। शुक्रवार सुबह अभिनेत्री रानी मुखर्जी के केदारनाथ धाम पहुंचते ही उनके प्रशंसकों की यहां भीड़ लग गई। हर कोई रानी के साथ फोटो खींचवाने के लिए उत्सुक रहा। रानी ने बाबा केदार की विशेष पूजा-अर्चना मंदिर में की और इसके बाद कुछ समय (शेष पृष्ठ सात पर)



## इस्राइल में फंसे उत्तराखंड के दो नागरिक सुरक्षित लौटे

देहरादून (उद संवाददाता)। ऑपरेशन अजय के अंतर्गत इस्राइल में फंसे उत्तराखंड के दो नागरिकों को सुरक्षित लाया गया। उत्तराखंड सरकार के प्रतिनिधि की ओर से दोनों नागरिकों को एयरपोर्ट पर रिसीव किया गया। दोनों ने केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार का धन्यवाद दिया। शुक्रवार सुबह इस्राइल से भारत सरकार द्वारा विशेष विमान से भारतीय नागरिकों को दिल्ली लाया गया। इसमें उत्तराखंड के दो नागरिक- आरती जोशी और आयुष मेहरा को उत्तराखंड सरकार के प्रतिनिधि द्वारा एयरपोर्ट पर रिसीव किया गया। उनके सकुशल वापस आने के बाद वह अपने परिवार के साथ




देहरादून के लिए चले गए। स्थानिक आयुक्त उत्तराखंड सरकार द्वारा इस्राइल से भारत लाए जा रहे उत्तराखंड के नागरिकों के लिए उत्तराखंड सदन दिल्ली में व्यवस्था की गई है। यहां से उनके गंतव्य स्थान भेजने के लिए राज्य सड़क परिवहन से व्यवस्था की गई है। लगभग 18,000 भारतीयों के इस्राइल में होने की संभावना है और भारत सरकार ऑपरेशन अजय में उन्हें देश सुरक्षित ला रही है।

## डिलारी पुलिस ने काशीपुर के व्यक्ति को पांच घंटे तक बनाए रखा बंधक

### एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग

काशीपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहां एक ओर उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में नित नई योजनाओं को धरातल पर लाकर कानून व्यवस्था को और दुरुस्त करने की कोशिश में है वही पुलिस के कुछ भ्रष्ट अधिकारी सरकार की नीतियों पर कालिख पोतने का काम कर रहे हैं। ऐसा ही एक ताजा मामला आईटीआई थाना क्षेत्र में डिफेंस कॉलोनी खड़कपुर देवीपुरा का प्रकाश में आया है जहां जनपद मुरादाबाद के थाना डिलारी की पुलिस ने एक व्यक्ति को गैर कानूनी तरीके से लगभग 5 घंटे तक बंधक बनाया।पुलिस कप्तान को दिए शिकायती पत्र में डिफेंस कॉलोनी खड़कपुर देवीपुरा थाना आईटीआई निवासी आकाश कश्यप पुत्र अशोक कुमार ने बताया कि उसकी शादी बीते 6 फरवरी को ग्राम मासूमपुर जटपुरा थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद निवासी घनश्याम की पुत्री सुनीता उर्फ गुड्डी के साथ हुई। शादी के महज 2 माह बाद 16 अप्रैल को नव विवाहिता बगैर किसी को बताएं मायके चली गई और वहीं रहने लगी। बीते 11 जून को इसी मामले को लेकर ससुराल वालों ने उसके पिता अशोक कुमार के साथ मारपीट की। इस मामले का मुकदमा कोर्ट के माध्यम से दर्ज कराया गया। बीते 19 सितंबर को गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में अभियुक्तों ने काशीपुर कोर्ट में हाजिर होकर जमानत करा ली। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसकी पत्नी (शेष पृष्ठ सात पर)

## गोदाम से हजारों का सामान चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।चोरों ने स्क्रेप के गोदाम का ताला तोड़कर वहां से हजारों रूपये कीमत का सामान तथा हजारों की नगदी चोरी कर ली। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में सोहन लाल पुत्र नानू राम निवासी शुक्ला फार्म हरी नगर ने कहा है कि उसका मेडिसिटी हॉस्पिटल के पीछे स्क्रैप का गोदाम हैं। 7 अक्टूबर को रात करीब 11 बजे के बाद अज्ञात व्यक्ति द्वारा दुकान की टीन हटा कर गोदाम का ताला तोड़ कर उसमे रखा तांबा पीतल का सामान व लगभग 25 हजार रूपये नकद चुरा लिए गए। रपट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## युवक की संदिग्ध मौत,दूसरे ने लगाई फांसी

किच्छा(उद संवाददाता)। बंडिया निवासी एक युवक की संदिग्ध परस्थितियों मै मौत हो गई जबकि पुरानी गल्ला मंडी निवासी युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर कर आत्म हत्या कर ली।पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर विच्छेदन हेतु भेज दिया है। वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद सिंह फर्त्याल ने बताया कि बंडिया निवासी धर्मेंद्र उर्फ कल्लू पुत्र विजय कुमार बंडिया निवासी देवेंद्र सिंह पुत्र रघुवीर सिंह के साथ बहेड़ी गया था जहां पर धर्मेंद्र की कथित तौर सड़क हादसे में दुर्घटना हो गई। एसएसआई ने बताया कि देवेंद्र सिंह ने पूछताछ में बताया कि धर्मेंद्र उर्फ कल्लू उसके साथ गया था, वह लघु शंका करने के लिए गया। अचानक सड़क पर अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। जिसे वह इलाज हेतु बरेली ले गया था जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस बात की जानकारी मृतक के मामा राजेश को दी गई थी और वह खुद ही मृतक को घर (शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध हालातों में ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

देहरादून (उद संवाददाता)। डोईवाला के बालावाला रेलवे फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। कोतवाली डोईवाला पुलिस के अनुसार सुबह 7 बजे स्टेशन मास्टर हर्रावाला द्वारा सूचना दी गई की हर्रावाला से डोईवाला की तरफ थोड़ी दूरी पर रेलवे पटरी पर एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया है। सूचना पर हर्रावाला पुलिस द्वारा मौके पर जाकर जानकारी की गई तो एक अज्ञात युवक की बालावाला रेलवे (शेष पृष्ठ सात पर)

## किशोरी से दुष्कर्म, मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी

काशीपुर(उद संवाददाता)। किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने के बाद जबरदस्ती उसकी आबरू लूटने एवं विरोध करने पर जान के मारने की धमकी देने के एक मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संगीन धाराओं में नामजद अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि बीते 18 जून को उसकी 17 वर्षीय नाबालिक पुत्री को माजरा रोड मिलन मैरिज हॉल के सामने वाली गली लक्ष्मीपुर पट्टी निवासी शहजान पुत्र शाहिद बहला फुसलाकर भगा ले गया। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आरोपी ने उसकी नाबालिक पुत्री के साथ बलपूर्वक दुष्कर्म करते हुए मुंह खोलने के एवज में जान से मारने की धमकी दी है। इस मामले में पुलिस में तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा 363/ 376/ 506 आईपीसी के अलावा 5/6 पोक्सो एक्ट के तहत अभियोग दर्ज करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी की प्रयास शुरू कर दिए।


## 'घर में बार' पर मातृशक्ति का 'वार' बैकफुट पर 'धामी सरकार'

### चढ़ने से पहले ही उतरा मिनी होम बार का खुमार, विरोध के स्वर मुखर होने पर सरकार ने वापस खींचे कदम

■ अर्श

रूद्रपुर। उत्तराखंड सरकार की 'मिनी होम बार योजना' कतिपय राजनेताओं एवं मातृशक्ति के मुखर विरोध के चलते फिलहाल आगामी आदेश तक स्थगित कर दी गई है। घर में बार बनाने के लिए वार्षिक लाइसेंस जारी करने का विरोध कुछ इस तरह प्रबल हुआ कि धामी सरकार के हाथ पांव फूल गए। नतीजतन आबकारी विभाग ने इस व्यवस्था पर फिलवक्त रोक लगा दी है। आबकारी आयुक्त हरिचंद सेमवाल की ओर से इस आशय के आदेश बीते बुधवार को जारी




सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयक उत्तराखण्ड आबकारी नीति विषयक नियमावली, 2023 के नियम-13.11 (वैयक्तिक बार हेतु अनुज्ञापन) को अग्रिम आदेशों तक स्थगित किया जाता है।
तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

आबकारी आयुक्त उत्तराखण्ड।

15468-ग-2
संख्या /...-46/खण्ड-2/उप दुकान/2023-24/देहरादून/तद्दिनांक।
प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-
1. सचिव, आबकारी महोदय, उत्तराखण्ड शासन।
2. समस्त जिलाधिकारी, महोदय उत्तराखण्ड।
3. संयुक्त आबकारी आयुक्त गढ़वाल/कुमायूँ मण्डल।
4. उप आबकारी आयुक्त, आई०टी० अनुभाग मुख्यालय।
5. उप आबकारी आयुक्त, परिक्षेत्र देहरादून/हरिद्वार एवं ऊधमसिंहनगर/नैनीताल।

आबकारी आयुक्त उत्तराखण्ड।

कर दिए गए। गौरतलब है कि पिछले दिनों देहरादून में एक व्यक्ति को कुछ शर्तों के अधीन घरेलू बार स्थापित करने का लाइसेंस जारी किया गया था, परंतु मिनी होम बार की उपरोक्त अनुज्ञप्ति जारी होने के तुरंत बाद महिलाओं ने आबकारी विभाग की इस व्यवस्था का विरोध शुरू कर दिया ।साथ ही उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भी सरकार की इस योजना को यह कहते हुए आड़े हाथों लिया था कि सरकार मिनी होम बार योजना के द्वारा प्रदेश के युवाओं को नशे का आदी बनाने का दुष्चक्र रच रही है और सरकार की इस व्यवस्था से उत्तराखंड के गांव-गांव और घर-घर तक शराब का नशा सुलभ हो जाएगा। सो, दिनों दिन मुखर होते तमाम विरोध के मद्देनजर राज्य सरकार ने इस योजना को ठंडे बस्ते में डाल देने में ही अपनी भलाई समझी। बताना होगा कि चालू वर्ष की आबकारी नीति में घरेलू बार लाइसेंस की व्यवस्था की गई थी।इसके तहत बार लाइसेंस लेने वाले को 12 हजार रुपये प्रतिवर्ष लाइसेंस फीस के तौर पर आबकारी विभाग को चुकाने होते। इसके बाद संबंधित व्यक्ति को घर में 50 लीटर तक शराब रखने की अनुमति मिल जाती। हालांकि इस व्यवस्था के अंतर्गत शराब रखने की मात्रा का वर्गीकरण भी किया था और इसके तहत नौ लीटर भारत में निर्मित अंग्रेजी शराब, नौ लीटर आयातित शराब, 18 लीटर वाइन और 15.6 लीटर बीयर रखने की अनुमति दी गई थी। राज्य सरकार की इस व्यवस्था से उत्साहित कुछ शराब शौकीन लोग इस योजना में (शेष पृष्ठ सात पर)

# 'धरे अवतार हम जग में ,यही मर्जी हमारी है'

## नारद मोह व रावण जन्म कथा का किया मंचन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कुमाऊं की सबसे प्राचीन दिन की लीला में प्रथम दिवस पर व्यास पुष्कर दत्त शास्त्री द्वारा श्री नारद मोह एवं रावण जन्म की कथा का मंचन कराया गया। लीला में श्री नारद जी भगवान विष्णु से अपने हित के लिए भगवान से उनका रूप मांगते हुए कहते हैं ष्आपन रूप देहू प्रभु मोही, और भांति नहीं पाबहु सोईसस जेई विधि नाथ होये हित मोरा करो सो वेगि दास में तोराष भगवान विष्णु जी नें उनके अहंकार को समझते हुए बंदर का रूप दे दिया पर नारद जी समझते हैं कि भगवान विष्णु का मुझे रूप मिल गया है और मन ही मन बहुत खुश होते हुए कहते हैं कहूं मैं किस से जाकर की कामदेव जीता है पर बंदर के रूप में नारदजी को देख कर उनकी खूब मजाक बनतीं है। उनकी मजाक उड़ाते हुए लोग उनसे कहते हैं महाराज क्यों मुस्कुरा रहे जो दिल के अंदर है, जरा शीशा उठा कर देखिए क्या खूब बंदर हैष ऐसा सुनकर नारद जी क्रोध में आ जाते हैं और भगवान विष्णु को श्राप दे देते हैं कि त्रेता युग में आपको भी कष्ट सहने होंगे और यही बंदर आपकी सहायता करेगा। उसके पश्चात भगवान विष्णु द्वारा नारद



जी को समझाया जाता है यह मेरी लीला तो पूर्व निर्धारित है नारदजी। पृथ्वी पर राक्षसों के अंत के लिए राम जन्म होना है इसके लिए आप द्वारा दिया गया श्राप ही कारक होगा। भगवान विष्णु नारद जी से कहते हैं धरे अवतार हम जग मे यही मर्जी हमारी है। इसके साथ ही रावण जन्म की लीला का भी मंचन किया गया। लीला में भगवान विष्णु का पाठ संजय रावत ने, नारद जी का पाठ तनिष्क सनवाल ने खेला। श्री रामलीला में विभिन्न संस्थाओं द्वारा व्यवस्थाओं में सहयोग किया गया जिसमें खंडेलवाल महिला समिति, रवि रोटी बैंक आदि संस्थाएं थीं। लीला में रामलीला संचालन समिति से सौरभ अग्रवाल, हरिमोहन अग्रवाल, प्रेम गुप्ता, राजेंद्र अग्रवाल मुन्ना, बसंत अग्रवाल , योगेश शर्मा , अजय अग्रवाल ,सुमित जायसवाल, तरंग अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित थे। रामलीला मैदान में नगर के गणमान्य व्यक्तियों में पंडित विवेक शर्मा, रवींद्र बाली, महेश राजा , सीमा देवल, पूनम अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। रामलीला संचालन समिति के वरिष्ठ सदस्य एनबी गुणवंत ने बताया कि कल आज सायं श्री रामलीला मंचन में ब्रह्मा आदि देवताओं का आगमन, रावण अत्याचार एवं आकाशवाणी की लीला का मंचन किया जाएगा। रामलीला के संचालन में नवीन बरसोलिया, हिमांशु गांधी, सचिन जायसवाल, सुशील शर्मा, रोहित ठाकुर, जितेंद्र देवल, बिंदेश जायसवाल, बालक नाथ गोस्वामी ने सहयोग किया।

# व्यापारियों ने मेयर से की आवारा जानवरों से सुरक्षा करने की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की जिला युवा इकाई द्वारा नगर निगम महापौर जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला को सड़क में लावारिस घूम रहे गोवंश तथा गली मोहल्ले में कुत्तों के झुंड से आए दिन होने वाले वाली दुर्घटनाओं से बचाने के लिए ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने कहा जनता को हो रही परेशानियों, दुर्घटनाओं के बावजूद शहर मार्गों में बैठे, घूमते, आपस में लड़ते गोवंश तथा कुत्तों के झुंड जहाँ नगर निगम की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हैं वहीं 11 सितम्बर को बिठौरिया क्षेत्र में सांड द्वारा स्थानीय निवासी को मारे जाने की घटना सभी को दु:खित भी करती है। उन्होंने मेयर को निवेदन करते हुए चेताया कि मुहीम चलाकर



इस अक्टूबर माह के भीतर सड़कों में घूम रहे गोवंश तथा कुत्तों के आतंक से जनता को राहत दिलाने की कृपा करें अन्यथा, मजबूरन प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की जिला युवा इकाई, निगम प्रशासन के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन करने को विवश होगी। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष विपिन गुप्ता ने कहा कि इस समस्या से जनता को राहत दिलानी चाहिएं। ज्ञापन देने वालों में जिला महामंत्री हर्ष वर्धन पांडेय,मधुकर बनोला, मनोज जायसवाल, उपेंद्र कनवाल, पवन वर्मा, साहिल चौहान, रवि आर्या, अमित माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

# किच्छा में फर्जी मदरसे को किया सीज

## संचालक सहित तीन शिक्षकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

किच्छा (उद संवाददाता)। पुलभट्टा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम सिरौली के वार्ड 19 में बिलाल मस्जिद के उपर स्थित फैजान ए रजा मदरसा के सम्बंध में मिली जन शिकायतों के आधार पर शुक्रवार को पुलभट्टा थाना पुलिस ने मदरसे में औचक दबिश दी और व्यवस्थाओं को चेक किया। इस दौरान मदरसे में 35 बच्चे, मौलवियत की शिक्षा लेते पाये गये। मदरसे में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों के लिए कोई भी मूलभूत सुविधांए नहीं मिली। पुलिस अधिकारियों द्वारा जब मदरसा संचालक शकील पुत्र नूर अहमद निवासी ग्राम सिरौली वार्ड 19 से मदरसे के संदर्भ में दस्तावेज मांगे गये तो वह कोई भी वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाया। साथ ही मदरसे में बच्चों को शिक्षा ग्रहण करा रहे शिक्षक मौ. इलियास पुत्र मेहंदी हसन निवासी धामनी बुजुर्ग खजुरिया रामपुर, मो. रिजवान पुत्र मो. आमीन निवासी खजूरिया रामपुर तथा हैदर अली पुत्र मो. उमर निवासी ग्राम मिस्सरवाला कुंडा का सत्यापन नहीं कराया गया था। पुलिस का कहना है कि यह मदरसा बिना अनुमति के चलाया जा रहा था। मदरसे में अग्निशमन यंत्र नहीं पाये गये। साथ ही विद्यार्थियों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं करायी गयी थी। पुलिस का कहना है कि मदरसा संचालक एवं तीनों शिक्षकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

# संतोष ट्राफी के लिए उत्तराखंड की फुटबॉल टीम घोषित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय फुटबॉल संतोष ट्रॉफी प्रतियोगिता के लिए उत्तराखण्ड की टीम की घोषणा कर दी गई है। यह जानकारी देते हुए उत्तराखण्ड स्टेट फुटबॉल एसोसिएशन



के महासचिव एस ए अली ने बताया कि ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन द्वारा 77 वीं हीरो सीनियर नेशनल फुटबॉल चौंपियनशिप (संतोष ट्रॉफी) राष्ट्रीय स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक अमृतसर पंजाब में आयोजित होगी। उक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखंड राज्य की सीनियर बालक वर्ग की टीम भी प्रतिभाग करेगी। प्रतियोगिता से पूर्व विभिन्न जिलों से चयनित खिलाड़ियों का एक विशेष प्रशिक्षण शिविर 29 सितंबर से 12 अक्टूबर तक कॉर्बेट फुटबॉल क्लब एमेनिटी पब्लिक स्कूल रुद्रपुर में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविर के उपरांत प्रदेश की टीम के चयनित खिलाड़ियों की घोषणा की गई । उन्होंने बताया कि चयनित खिलाड़ियों की सूची में अभय बिष्ट (नैनीताल), अमित विष्ट (पौडी), शशांक राणा ( देहरादून), अजय बिष्ट (चंपावत), अनुज चौहान ( देहरादून), अक्षय थापा (देहरादून), राजवीर पंवार (चमोली), आदर्श गणेश फढ़ते (केआर फुटबॉल क्लब), अक्षय धर्मशक्तू (अल्मोड़ा), अनुज रावत (देहरादून), हितिक वालिया ( हल्द्वानी), मुकुल सिंह (चंपावत), यश बिष्ट (रामनगर), कविंद्र सिंह (अल्मोड़ा), अभिषेक रावत ( देहरादून), सत्यम सिंह बिष्ट (पिथौरागढ़ ), दिव्यांश अस्वल (देहरादून), हर्ष भर्तृवाल (देहरादून), अंकित रावत (पौड़ी), आयुष बिष्ट (देहरादून), सत्येंद्र सिंह नेगी (पौड़ी) तथा नसीम अहमद (कॉर्बेट फुटबॉल क्लब) शामिल हैं। टीम कोच जतिन सिंह विष्ट, असिस्टेंट टीम कोच भुवन जोशी, गोलकीपर कोच विवेक गुप्ता, टीम मैनेजर राजेश चंद्र और टीम फिजीओ गौरव भाटी को उत्तराखंड राज्य की टीम में शामिल किया गया। इस अवसर पर एमेनिटी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सुभाष अरोड़ा एवं मोहम्मद सलीम, मयंक सांगरी वा सतनाम बाला ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

# रामलीला मंचन का हुआ शुभारंभ

काशीपुर(उद संवाददाता)। श्री रामा कृष्णा ड्रामेटिक क्लब के तत्वावधान में आयोजित रामलीला मंचन का शुभारंभ गुरुवार को विधिवत किया गया । यह रामलीला काशीपुर की सबसे पौराणिक रामलीलाओं में से एक है। वक्ताओं ने कहा



कि श्री राम का जीवन चरित्र हमें बताता है कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भी कैसे हम समाज में एक आदर्श का उदाहरण बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि श्री रामलीला का मंचन हमें अपने इस मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन को प्रस्तुत कर प्रेरणा देता है। रामलीला मंचन के शुभारंभ के अवसर पर श्री रामा कृष्णा ड्रामेटिक क्लब के अध्यक्ष अनिल सिंधवानी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर उपस्थित प्रमुख गणमान्य लोगों में सोहन सिंह, संदीप सहगल, डॉ दीपिका गुड़िया आत्रेय , पंकज टंडन, राकेश नरूला, नवीन अरोरा, ललित बाली,प्रीत कुमार बम, पार्षद राजकुमार सेठी,अजय अरोरा, संजीव अरोरा कैप्टन, प्रदीप सपरा,नरेश सपरा समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता चुघ ने कराया समस्याओं का समाधान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने मोहल्ला राजा कालोनी में जनचर्चा कार्यक्रम के दौरान ट्रांजिट कैंप की राशन डिपो एवं ई एस आई हॉस्पिटल से गंभीर रोगियों के रेफर किए जाने सहित अन्य मूलभूत समस्याओं का निस्तारण करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से दूरभाष पर विस्तार से वार्ता की। इससे पूर्व श्री चुघ का राजा कालोनी पहुंचने पर क्षेत्र वासियों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। जनचर्चा कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र वासियों ने उनके समक्ष विद्युत, राशन डिपो, पेयजल, शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, सफाई, आवास आदि की मूलभूत समस्याओं को रखकर इनका अपने स्तर से समाधान कराने का आग्रह किया। श्री चुघ ने ई एस आई हॉस्पिटल से मरीजों को रेफर किए जाने की समस्या के समाधान के लिए तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रदेश प्रशासन की ई एस आई की निदेशिका दीप्ति सिंह से दूरभाष पर वार्ता की और उनको समस्या से अवगत कराया। निदेशिका ने कहा कि



हॉस्पिटल से 15 प्रतिशत मरीजों को ही रेफर किए जाने का प्रावधान है परंतु अति गंभीर मामलों में यह नियम लागू नहीं होता है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में वह शीघ्र आदेश जारी करेंगी। वहीं राशन डिपो की समस्या का समाधान करते हुए श्री चुघ ने देहरादून स्थित खाद्य मंत्री रेखा आर्य के खाद्य पूर्ति कार्यालय तथा उपायुक्त व जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार से दूरभाष पर वार्ता की। जिन्होंने बताया कि ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में सात नए राशन डिपो खोले जाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। शीघ्र ही नए डिपो कार्य करना प्रारंभ कर देंगे। श्री चुघ ने कहा कि विद्युत, पेयजल, शिक्षा, रोजगार, आवास व सफाई आदि की समस्या के समाधान के लिए वह प्रशासनिक तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर समाधान कराने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जन समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहते हैं। इस मौके पर संजीव गुप्ता, कृष्णपाल गंगवार, वेद प्रकाश मौर्य, वीरेंद्र राठौड़, शिव कुमार शिबू, रतनलाल कोली, सुरेंद्र गुप्ता, भूरेलाल कोली, चोखेलाल गंगवार, दीपू रस्तोगी, अजय पाल शर्मा, रामचरण लाल, काशीराम मौर्य, पप्पू लाल कोली, अशरफी लाल मौर्य, प्रेमपाल गंगवार, नीलांबर राठौर, ओंकार सिंह, प्रेमपाल लोधी, अमित गौड़, राजकोली, दीपक राणा आदि मौजूद थे।

# मां ज्वाला जी की पावन ज्योति कल पहुंचेगी रूद्रपुर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री दुर्गा यात्रा समिति द्वारा श्री दुर्गा मंदिर रुद्रपुर से 32वी मां वैष्णो दरबार यात्रा में आज हिमांचल प्रदेश में माँ ज्वाला जी के दर्शन किये और हवन यज्ञ किया और माँ ज्वाला जी से पवित्र ज्योति को लेकर माँ के भक्त रुद्रपुर के लिए रवाना हुए। यात्रा के संयोजक वेद ठुकराल ने बताया कि माता के भक्त जय ज्वाला जय ज्वाला,माँ के जयकारे ओर भजन कीर्तन करते हुए माँ की पवित्र को लेकर कल 14 अक्टूबर को शाम 4 बजे गल्ला मंडी रुद्रपुर पहुँचेंगे। दर्शन करने वालों में यात्रा संयोजक वेद ठुकराल महंत राजीव ठक्कर, पवन गाबा पल्ली,मोहित बत्रा ,किशन मेहता जी काका नारंग, विक्की कक्कड़,कथा वाचक लाडली जी,गीता कुशवाह ,राजीव गौड़ ,अमित दुआ, अंशु कक्कड़ ,किशन सुखीजा, विपिन अरोरा,पंकज शर्मा ,नजीर सिंह ,रीता मेहता,एकता दुआ, ठाकुर ओम वीर सिंह ,सुनीता सिंह,गीता सुखीजा,अशोक चोपड़ा ,राजेन्द्र अग्रवाल,भावना सचदेवा, गीतिका सचदेवा, राम राजदेव, ऋषभ दुनेजा ,रोहित ,राकेश मण्डल, सौम्या ,कपीश ,ओम सचदेवा आदि माता के भक्त थे।



# घूमता मिला जिला बदर स्मैक तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नशा तस्करी के कई मामलों में गिरफ्तार किए गया स्मैक तस्कर जिला बदर करने के बावजूद क्षेत्र में घूमते पाए जाने पर पुलिस ने उसे पुन: गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना बनभूलपुरा द्वारा जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के अनुपालन मे 30 सितंबर को 6 माह हेतु जिला बदर किया गया स्मैक तस्कर अभियुक्त अजीम मुशान उर्फ अन्ना पुत्र हबीब नूर निवासी ख्वाजा कालौनी इन्द्रानगर



को जिला बदर की अवधि में अपने घर में पाये जाने पर थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा तत्काल गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में उनि. संजीत राठौड़, कानि मौ. अतहर, भूपेन्द्र जेष्ठा व परवेज अली शामिल थे।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# आवारा पशुओं के आतंक से परेशान व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा पशुओं के आतंक से परेशान व्यापारियों ने नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी करते प्रदर्शन



किया और आवारा पशुओं से हो रही समस्या से शीघ्र ही निस्तारण करने की मांग की। व्यापारियों ने चेतावनी दी अगर शीघ्र ही समस्या से निजात नहीं मिली तो व्यापारी नगर निगम कार्यालय में आंदोलन को बाध्य होगे। ट्रांसपोर्ट नगर व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह सेठी व महामंत्री प्रदीप सब्बरवार की अगुवाई में समस्त व्यापारी ट्रांसपोर्ट नगर के मुख्य गेट पर एकत्र हुए और आवारा पशुओ से निजात दिलाने की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह सेठी और महामंत्री प्रदीप सब्बरवाल ने कहा कि शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा पशुओं का आतंक बढता जा रहा है। सड़कों व गली महोल्लों में घूम रहे आवारा पशुओं द्वारा आने जाने वालो से लोगो में हमला कर घायल कर रहे है। जिससे कई लोग घायल हो चुके है। अभी कुछ दिन पूर्व ही कोतवाली के सामने हाईवे पर दो सांड आपस में भीड़ गये जिससे स्कूटी स्वार महिला व पुरुष बाल-बाल बच गये। उन्होंने कहा ऐसी घटनाएं रोजाना कहीं न कहीं हो रही हैं। ऐसे पशुओं को पकड़ने के लिए गठित नगर निगम की टीम सिर्फ सीमित दायरे में सिमट कर रह गई है। पूरे नगर निगम क्षेत्र में अलग-अलग टीमें बनाकर बड़े स्तर पर कार्रवाई होनी चाहिए। व्यापारियों का कहना है कि आवारा पशुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। प्रदर्शन करने वालो में कमल जोशी, मंजीत सेठी, खीमानंद शर्मा, हाजी नफीस, लक्ष्मण सिंह नेगी, पंकज बोहरा, चंद्रशेखर पांडे, राजेशपुरी, नरेन्द्र पाल सिंह सेठी, दलजीत सिंह कोहली, हाजी इमरान, मुकेश खन्ना, रोहित सूरी, जसपाल मालदार, दिनेश पाठक, मुन्नवर मिस्त्री, रईस, अकरम, फिरोज, तौफीक, शाहिद खान, साबिर आदि मौजूद थे।

# खटीमा ने पिथौरागढ़ को दी शिकस्त

खटीमा(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पिताजी की स्मृति में द्वितीय शेर सिंह धामी मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन लोहिया हेड ग्राउंड में किया जा रहा है। तीसरा मुकाबला खटीमा एवं पिथौरागढ़ के बीच मैच खेला गया। खटीमा की टीम ने दो एक के अंतर से पिथौरागढ़ की टीम को रोमांचक मुकाबले में शिकस्त दी। पिथौरागढ़ की टीम फुटबॉल मैच में अंत तक संघर्ष करती नजर आई। खटीमा की टीम ने पिथौरागढ़ के खिलाड़ियों को अपने ऊपर हावी होने का कोई भी



मौका नहीं दिया। टूर्नामेंट के आयोजक सागर सिंह धामी ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पिताजी की स्मृति में फुटबॉल का आयोजन लगातार दूसरे वर्ष किया जा रहा है जिसमें खटीमा पिथौरागढ़ चंपावत अल्मोड़ा नैनीताल हल्द्वानी पीलीभीत नेपाल आदि क्षेत्र की टीम में भाग ले रहे हैं। फुटबॉल टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर विवेक अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में व्यापारी बलवंत खड़ायत ,नगर अध्यक्ष जीवन धामी नगर महामंत्री मनोज वाधवा, पूर्व छात्र अध्यक्ष नवीन भट्ट सावित्री कान्याल धन भंडारी मोहनी पोखरिया, भवानी भंडारी हरीश रुमाला विवेक गुप्ता, विक्की सामंत अंजनी विक्रम सिंग, सूरज बुंगला, केडी धामी सूरज धामी रविंद्र वैश्य उपस्थित थे।

# पुण्यतिथि पर लोहिया को दी श्रद्धांजलि

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। डॉक्टर राममनोहर लोहिया की 56 वीं पुण्य तिथि पर सपा प्रदेश प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी के कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने लोहिया जी के चित्र पर



पुष्पअर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तद्उपरान्त विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मतीन सिद्दीकी ने कहा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के नेतृत्व में जिन लोगों ने देश की आजादी के लिये संघर्ष किया। उनमें एक मुख्य नाम डा० राममनोहर लोहिया का भी था। श्री सिद्दीकी ने कहा कि डा. लोहिया में अन्याय और अत्याचार का विरोध करने का साहस बचपन से ही था।लोहिया जी ने अपना सारा जीवन नागरिक अधिकारों की रक्षा , अन्याय व दमन के विरोध तथा समाज के दबे कुचले और पिछड़े लोगों की बेहतरी के लिये ही लगाया। सपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश परिहार ने लोहिया जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोहिया जी ने हमेशा नर-नारी की बराबरी के साथ-साथ दलित पिछड़ों व अल्पसंख्यकों के हकघे के लिये संघर्ष करने के साथ ही अपने संघटनों में उच्च स्थान दिया। गोष्ठी मे जावेद सिद्दीकघे, अरशद अय्यूब, अलीम अंसारी. भगवती प्रसाद त्रिकोटी, गौरव गुप्ता, जावेद मिकरानी, मुन्नु कछुरैशी, उमैर मतीन, विक्की खघन, सतीश कुमार, शकील अंसारी, रेहान मलिक, वकील अहमद (पप्पू), अनस खान, राजू खान, वकघर अहमद, जाहिद खाँ, शाजेब खां, फिरोज खाँ, सलीम सैफी, नाजिम सलमानी सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# संस्कृत प्रतियोगिता की विजेताओं को किया पुरस्कृत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड संस्कृत अकादमी द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता श्री हरगोविंद सुयाल विद्या मंदिर इंटर कालेज कुसुम खेड़ा हल्द्वानी में सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि मेयर डा. जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला व कार्यक्रम के अध्यक्ष हर्षवर्धन पाण्डेय ने विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया। नाटक में प्रथम स्थान दुर्गा दत्त कपिलाश्रमी संस्कृत



महाविद्यालय, द्वितीय स्थान सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय व तृतीय स्थान राबाइका खुर्पाताल ने प्राप्त किया। संस्कृत समूहगान प्रतियोगिता में केवीएम पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान राबाइका दौलिया तृतीय स्थान खुर्पाताल ने हासिल किया। जबकि समूह नृत्य में प्रथम स्थान राबाइका खुर्पाताल का रहा। वाद विवाद में राबाइका पतलोट आशु भाषण में प्रथम रहा। जबकि लोकोच्चारण प्रतियोगिता में श्री महादेव गिरि संस्कृत महाविद्यालय देवलचौड का प्रथम स्थान रहा। जिला संयोजक डाक्टर नवीन चन्द्र जोशी ने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को 7 व 8 नवम्बर को राज्य स्तर पर प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा। जिसमें श्रीमती जानकी त्रिपाठी, जिला कार्यवाह चन्द्र शेखर भट्ट, गोपाल दत्त जोशी, श्रीमती संगीता जोशी, प्रधानाचार्य खीम सिंह विष्ट, डा नारायण दत्त जोशी थे। निर्णायक मण्डल में डा जगदीश चन्द्र पाण्डेय, डा दुर्गा दत्त गुणवन्त, संजय शाह आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डा चन्द्र प्रकाश उप्रेती ने किया।



# छापेमारी के खिलाफ डीएम और एडीएम से मिले राईस मिलर्स

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। राईस मिलों में प्रशासन द्वारा की जा रही छापामारी के विरोध में राईस मिलर्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मण्डल अपर जिलाधिकारी जयभारत सिंह और जिलाधिकारी उदयराज सिंह से मिला। प्रतिनिधि मण्डल ने राईस मिलर्स का उत्पीड़न बंद करने की मांग की। जिस पर दोनों अधिकारियों ने मिलर्स के खिलाफ कोई अनुचित कार्रवाई नहीं करने का आश्वासन दिया। उत्तराखण्ड राईस मिलर्स ने मुलाकात के दौरान जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कहा कि प्रशासन से वार्ता के बाद बीते दिनों मिलर्स की हड़ताल समाप्त हो चुकी है और मिलर्स ने नियमानुसार धान खरीद शुरू कर दी है। प्रशासन और किसानों को धान खरीद में पूरा सहयोग किया जा रहा है। अधिकांश मिलर्स ने पंजीकरण करा लिया और कुछ मिलर्स पंजीकरण की प्रक्रिया को पूरा करा रहे हैं फिर भी कुछ अधिकारी राईस मिलर्स में जाकर मिलर्स को प्रताड़ित कर रहे हैं। जिससे भय का माहौल बन रहा है और मिलर्स और कच्चा आढ़ती पंजीकरण कराने से डर रहे हैं। प्रतिनिध मण्डल ने उत्पीड़न की कार्रवाई बंद करने की मांग की जिस पर जिलाधिकारी और अपर जिलाधिकारी ने मिलर्स को आश्वस्त किया कि किसी का उत्पीड़न नहीं होगा। जिलाधिकारी ने अधीनस्थ अधिकारियों को मिलर्स के साथ पूरा सहयोग करने के निर्देश भी दिये।

# यूपीसीएल के माथे से नहीं मिट रहा विद्युत चोरी का कलंक

**मनोज श्रीवास्तव**

काशीपुर। ऊर्जा प्रदेश में विद्युत चोरी आम बात हो गई है। इसी आम बात के सहारे कुछ भ्रष्ट अधिकारी मोटी रकम के रूप में चांदी काट सरकार के राजस्व को प्रतिमाह करोड़ों का चूना लगा रहे हैं। जसपुर बाजपुर व काशीपुर में हालात बाद से बदतर हैं। विद्युत चोरी कानूनी अपराध की श्रेणी में आता है इसके बावजूद विभाग के माथे से यह कलंक मिटाने का नाम नहीं ले रहा। काशीपुर की बात करें तो शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों के अलावा औद्योगिक स्थान महुआ खेड़ा गंज में विद्युत चोरी का सिलसिला जारी है। विभागीय अधिकारी एक तो चोरी ऊपर से सीना जोड़ी वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए इंटरनेट मीडिया तथा कैंप के माध्यम से लोगों को जहां एक और विद्युत चोरी से बचने की सलाह दे रहे हैं वहीं दूसरी ओर इन्हीं जिम्मेदार अधिकारियों के संरक्षण में विद्युत चोरी का गैर कानूनी खेल खेला जा रहा है। जानकार सूत्रों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी मातहत कर्मियों की सहारे विद्युत चोरी के मोटी रकम वसूल करवा रहे हैं। औद्योगिक स्थान महुआ खेड़ा गंज में स्थित तमाम छोटे-मोटे कल कारखानों के स्टोन क्रशर बड़े कंस्ट्रक्शन वाले स्थान पर धड़ल्ले से विद्युत चोरी की जा रही है। काशीपुर में तो अधिकांश कंस्ट्रक्शन वाले छोटे बड़े स्थानों पर चोरी की बिजली से निर्माण कराये जा रहे हैं। रोड पटरी के किनारे शहरी क्षेत्र में चलने वाली तमाम दुकानें चोरी की बिजली से जगमग है। सूत्रों ने बताया कि इसके एवज में लाइनमैन अथवा कर्मचारी माहवार सुविधा शुल्क वसूल कर रहे हैं। इसी तरह बाजपुर व जसपुर में भी बिजली चोरी के मामलों ने स्थानीय लोगों को हैरत में डाल रखा है। पहले मैन्युअल मीटरों में छेड़छाड़ कर आसानी से विद्युत चोरी की जाती थी अब इसे हटाकर इलेक्ट्रॉनिक मीटर लगा दिया गया है तो इलेक्ट्रॉनिक मीटर में भी शातिर दिमाग लोगों ने चोरी का तरीका निकाल लिया। काशीपुर व बाजपुर क्षेत्र में लगभग हर दिन विद्युत चोरी के प्रकाश में आ रहे मामले अनुमान लगाने के लिए काफी है कि बिजली चोरी हो रही है। विभागीय अधिकारी चोरी के इक्का-दुक्का मामलों को पकड़कर औपचारिकता पूरी कर रहे हैं जबकि सच्चाई यह है कि क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर बिजली चोरी का सिलसिला जारी है।

## जसपुर में हालात काबू, बाजपुर आपे से बाहर

काशीपुर। अधिशासी अभियंता बाजपुर विवेक कांडपाल से जब मोबाइल फोन पर बातचीत कर जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया कि विद्युत चोरी को लेकर जागरूकता शिविर रूटीन में शामिल है लेकिन रिकवरी के बारे में पता करने पर उन्होंने कहा कि यह तो कागजात देखकर ही बताया जा सकता है। इसी तरह जसपुर में पोस्टेड विभाग के अधिशासी अभियंता विजय सकारिया से मोबाइल फोन पर बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि विद्युत चोरी को लेकर जागरूकता अभियान लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि विद्युत चोरी का मामला हद तक कम हो चुका है लेकिन सुदूर ग्रामीण इलाकों में अभी कुछ लोग बिजली चोरी कर रहे हैं। बकाया बिल जमा कराने की बात पर विजय सकारिया ने कहा कि रिकवरी की कंडीशन अच्छी है। भविष्य में इसे और भी दुरुस्त किया जाएगा।

## चोरों पर नकेल कसने को डीजीएम सक्रिय

काशीपुर। विभाग के डीजीएम अनिल वर्मा से जब इस बारे में मोबाइल फोन पर बातचीत करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया कि उनके द्वारा टीम गठित कर विद्युत चोरी के खिलाफ छापामार अभियान चलाया जा रहा है जिससे विद्युत चोरी के मामले लगातार कम हो रहे हैं। रिकवरी के बारे में बात करने पर उन्होंने कहा कि बड़े बकाएदारों से बिल का भुगतान लेने में दिक्कत नहीं है छोटे बकायेदार भुगतान जमा करने में लेट लतीफी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विद्युत चोरी को लेकर जागरूकता कैंप भी लगाए जा रहे हैं।

# उत्तराखण्ड में हर गांव में है 'गंगा गंगोत्री' और कदम कदम पर 'शिव शक्ति' का योग: मोदी

**पिथौरागढ़ में पीएम मोदी ने कहा: भारत की संस्कृति,सुरक्षा और समृद्धि से जुड़े हुए तीनों स्वरूपों के दर्शन एक साथ हो गये,स्नेह की गंगा बह रहीथी**

**उत्तराखण्ड में सड़कों, पुलों और बागवानी के लिए 4 हजार 200 करोड़ की 23 महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया**







पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पिथोरागढ़ में उत्तराखण्ड को लगभग 4 हजार 200 करोड़ रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात दी है। गुरूवार को पिथौरागढ़ जिले में आयोजित भव्य कार्यक्रम में 23 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री को नारायण आश्रम की प्रतिकृति, ऐपण स्टॉल और बोधिसत्व विचार श्रृंखला- एक नई सोच, एक नई पहल पुस्तक भेंट की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने उत्तराखण्ड के लोगों के अभूतपूर्व प्यार, स्नेह और आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जब भी मैं आपके बीच उत्तराखण्ड में होता हूँ, हमेशा खुद को धन्य समझता हूँ। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पिथौरागढ़ में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए जहां करोड़ों की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया वहीं जनसभा में मौजूद हजारों लोगों को अपने विचारों से भाव विभोर कर दिया। पीएम ने देवभूमि में आने पर अपने पिछले अनुभवों का खुब बखान किया। जनसभा में मौजूद लोगों ने भी पीएम मोदी के आह्वान पर देश के ओलंपिक खिलाड़ियों की खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिये अपने मोबाईल फोन की फ्लैश लाईट जलाकर समर्थन किया। संबोधन की शुरूआत करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि उत्तराखंड के लोकप्रिय युवा मुख्यमंत्री भाई पुष्कर सिंह धामी की सरकार तेज रफ्तार से काम कर रही है। पीएम मोदी ने आज कुमाऊं मंडल में आदि कैलाश से शुरू हुई अपनी ऐतिहासिक आध्यात्मिक यात्रा के लिये सीएम धामी की जमकर तारीफ की है। पीएम मोदी ने कहा कि आज उत्तराखंड ने कमाल कर दिया। आज मै जहां भी गया वहां भरपूर प्यार अपार आशीर्वाद मिल रहा था। ऐसा लग रहा था जैसे स्नेह की गंगा बह रही है। आध्यात्म और अप्रियतम शौर्य की इस भूमि का मै वंदन करता हूं ,वीर माताओं को प्रणाम करता हूं। ऐसा दृश्य देने का सौभाग्य शायद ही किसा को पहले देखने को मिला हो। जब बद्रीनाथ धाम में जय बद्रीविशाल का उद्घोष होता है तो गढ़वाल राइफल का जोश बढ़ जाता है और जब गंगोलीहाट के कालिंका माता के मंदिर की घंटियां जय माहाकाली का उदघोष होता है तो कुमांऊ रेजीमेंट के वीरों में अद्मय साहस का संचार होने लगता है। पीएम मोदी ने कहा कि कुमाऊं मंडल में यहां मानस खंड में बागेश्वर,बैजनाथ, नंदा देवी, गोल्ज्यू का मंदिर,पूणागिरी धाम,कसार देवी, कैंची धाम, कटारमल, नानकमत्ताा, रीठा साहिब, जैसे अनगिनत देवस्थालियों की श्रंखला का वैभव हमारी विरासत है। राष्ट्र रक्षा और आस्था की इस दिव्य भूमि पर मै जब जब आया हूं जब भी आपका स्मरण किया मै धन्य हो जाता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि मेरे यहां आने से पहले मुझे पार्वती कुंड और जागेश्वर धाम में पूजा अर्चना करने का सौभाग्य मिला है। मैने हर देशवासी के अच्छे स्वास्थ्य हर देशवासी के विकसित भारत के संकल्प और उत्तराखंड के सारे सपने संकल्प पूरे हो ने का आशीर्वाद मांगा है।



मुझे सीमा के प्रहरियो जवनों और स्थानीय कला और स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं से मिलने का मौका मिला। भारत की संस्कृति,भारत की सुरक्षा और भारत की समृद्धि से जुड़े हुए इन तीनों स्वरूपों से सभी के दर्शन एक साथ हो गये। एक प्रकार से उत्तराखंड का यह सामर्थय अतुलनीय है। इसलिये मुझे विश्वास है उत्तराखंड देश के आर्थिक विकास के लिये अपना अहम योगदान देगा। यह विश्वास बाबा केदार के चरणो में मिला था। आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है एक समय था चारों तरफ निराशा का माहौल था। आज आदि कैलाश के दर्शन कर एक बार फिर विश्वास को दोहराता है उत्तराखंड नई ऊचाईयों तक पहुंचे यहां के लोगों का जीवन आसान हो इसलिये हमारी सरकार पूरे सामर्थय के साथ काम कर रही है। एक ही कार्यक्रम में चार हजार करोड़ के विकास कार्य शुरू किये गये है। इन परियोजनाओं के लिये बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि मेरे लिये यह रास्ते नये हैं उत्तराखंड में अपनेपन की अनुभूति मेरे साथ रहती है। आप भी अपने पलकें उसी हक के साथ उसी आत्मीयता के साथ मुझसे जुड़े रहते है। दूर दराज गांव के लोग भी मुझे चिटठी लिखते हैं। भारत की सुरक्षा और समृद्धि के लिये केंद्र सरकार निरंतर राज्यों के विकास को गति देने का काम कर रही है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने उत्तराखण्ड के साथ अपने लंबे जुड़ाव और निकटता को भी याद किया। उन्होंने कहा की दुनिया भारत और भारतीयों के योगदान को पहचान रही है। उन्होंने जी20 की अध्यक्षता और शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए भारत की वैश्विक सराहना का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि भले ही पिछली सरकारों ने गरीबी हटाओ का नारा दिया था, लेकिन यह मोदी है, जो कहता है कि स्वामित्व और जिम्मेदारी लेकर गरीबी को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा, हम एक साथ मिलकर गरीबी मिटा सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, "जिस स्थान पर चंद्रयान उतरा, उसका नाम शिव शक्ति रखा गया है और इस प्रकार उत्तराखण्ड की पहचान अब चंद्रमा पर भी मौजूद है।" उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में कदम-कदम पर शिव शक्ति योग देखने को मिलता है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय खेलों की पूरी लगन से तैयारी करने के लिए राज्य सरकार और मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों का विकास, सरकार की प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में से एक है। जीवंत ग्राम योजना ने देश के आखिरी गांवों को पहले गांवों में बदल दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास उन लोगों को वापस लाना है, जो इन गांवों को छोड़ चुके हैं। हम इन गांवों में पर्यटन बढ़ाना चाहते हैं। उत्तराखण्ड में इन क्षेत्रों में नई सुविधाओं और अवसंरचनाओं का निर्माण हो रहा है। प्रधानमंत्री ने उत्तराखण्ड में कई पीढ़ियों से उगाए जा रहे श्री अन्न का उल्लेख किया और इसके महत्व को दुनिया भर में फैलाने के सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देशभर में एक अभियान शुरू किया गया है, जिससे उत्तराखण्ड के छोटे किसानों को बहुत लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में हर गांव में गंगा और गंगोत्री हैं। भगवान शिव और नंदा यहां की बर्फ की चोटियों पर निवास करते हैं। उत्तराखण्ड के मेले, कौथिग, थौल, गीत, संगीत और खान-पान की अपनी अनूठी पहचान है। उन्होंने कहा कि यह भूमि पांडव नृत्य, छोलिया नृत्य, मांगल गीत, फूलदेई, हरेला, बग्वाल और रम्माण जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समृद्ध है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले 4-5 वर्षों में प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की तैयारी के लिए विभिन्न परियोजनाओं पर 4000 करोड़ रुपये खर्च किए जायेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में ऐसी सुविधाएं निर्मित की जायेंगी ताकि आपदा की स्थिति में राहत और बचाव कार्य तेजी से किया जा सके। मुख्यमंत्री श्री धामी ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का स्वागत करते हुए कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केदारखण्ड में मंदिरों, पौराणिक स्थलों का विकास हो रहा है। उनकी मानसखण्ड की इस यात्रा से इस क्षेत्र का भी संपूर्ण विकास सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आज भारत पुनः विश्वगुरू बनने की ओर अग्रसर है। आज विश्व में भारत का मान-सम्मान बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में यह भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना के पुनरुत्थान का स्वर्णिम कालखंड है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार द्वारा उत्तराखण्ड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने का विकल्प रहित संकल्प के साथ कार्य किये जा रहे हैं। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट, कैबिनेट मंत्री उत्तराखण्ड श्री सतपाल महाराज, श्री गणेश जोशी, श्री प्रेमचंद अग्रवाल, श्री सुबोध उनियाल, डॉ. धन सिंह रावत, श्रीमती रेखा आर्या, सौरभ बहुगुणा, सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, श्री अजय टम्टा, राज्यसभा सांसद श्री नरेश बंसल, श्रीमती कल्पना सैनी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री महेन्द्र भट्ट उपस्थित थे।

## पीएम मोदी की आध्यात्मिक यात्रा से स्वर्णिम अक्षरों में अंकित हो गया उत्तराखंड का इतिहास : धामी

पिथौरागढ़। देवभूमि उत्तराखण्ड के दौरे के उपरांत यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नई दिल्ली प्रस्थान से पूर्व उनका आशीर्वाद व मार्गदर्शन प्राप्त किया। पहली बार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा कुमांऊ मंडल की आध्यात्मिक यात्रा से आज का दिन देवभूमि उत्तराखण्ड के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित हो गया है। निश्चित तौर पर आदरणीय प्रधानमंत्री जी के आदि कैलाश व जागेश्वर धाम आगमन से 'मानसखंड मंदिर माला मिशन' को वैश्विक स्तर पर आध्यात्मिक एवं धार्मिक पर्यटन क्षेत्र के रुप में नई पहचान मिलेगी। आदरणीय प्रधानमंत्री जी द्वारा अनेकों परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास से क्षेत्र का अभूतपूर्व विकास होगा जिसके फलस्वरूप और अधिक संख्या में श्रद्धालु आएंगे एवं स्थानीय लोगों की आजीविका में वृद्धि होने के साथ ही उन्हें रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे।

## सीएम धामी ने प्रधानमंत्री को भेंट किया तांबे से बना वाद्य यंत्र तुरही

जागेश्वर। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखण्ड प्रसिद्ध जागेश्वर धाम पहुंचकर पूजा अर्चना की और देशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। 124 मंदिरों के समूह जागेश्वर धाम में उन्होंने सर्वप्रथम जागेश्वर गर्भगृह में करीब 7 मिनट तक पूजा कर बाबा जागेश्वर के दर्शन किए। इसके बाद प्रधानमंत्री ने पुष्टिमता, महामृत्युंजय और केदारनाथ में पूजा-अर्चना की और मंदिर परिसर की परिक्रमा करते हुए अर्धनारेश्वर वृक्ष का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री को तांबे से बना वाद्य यंत्र तुरही, ताम्र जागेश्वर और डमरू उपहार स्वरूप भेंट किया। फ्लीट मार्ग में प्रधानमंत्री ने स्थानीय लोगों का कार से उतरकर अभिवादन स्वीकार किया। वहीं पीएम मोदी ने दौरे की तस्वीरें अपने तमाम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करते हुए लिखा कि उत्तराखंड में पिथौरागढ़ के पवित्र पार्वती कुंड में दर्शन और पूजन से अभिभूत हूं। यहां से आदि कैलाश के दर्शन से भी मन प्रसन्न है। प्रकृति की गोद में बसी आध्यात्म और संस्कृति की इस स्थली से अपने परिवारजनों के सुखमय जीवन की कामना की।

## पीएम मोदी ने किया अल्मोड़ा की बाल मिठाई का जिक्र,पहाड़ी व्यंजनों और मोटे अनाज की तारीफ

पिथौरागढ़। पीएम मोदी अपने एक दिवसीय उत्तराखंड दौरे के बाद दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। पिथौरागढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने बाल मिठाई का जिक्र किया। इसके साथ ही उन्होंने पहाड़ी व्यंजनों की भी तारीफ की। अल्मोड़ा में बाबा जागनाथ के दर्शन के बाद पीएम मोदी पिथौरागढ़ पहुंचे। जहां उन्होंने पिथौरागढ़ क्रिकेट स्टेडियम में जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने जनसभा में कई बार बाल मिठाई का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य सेन को जब भी कामयाबी हासिल होती है तो वो मेरे लिए अल्मोड़ा की बाल मिठाई जरूर लाता है। पीएम मोदी ने जहां एक ओर बाल मिठाई की तारीफ की तो वहीं दूसरी ओर बहुत से पहाड़ी व्यंजनों के बारे में भी कहा। पीएम ने कुमाऊं के प्रमुख व्यंजनों कापली, झोली-भात, भट्ट की चुड़कानी के साथ ही अन्य की व्यंजनों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में ये व्यंजन पर्यटकों के बीच काफी विख्यात होने वाले हैं।







# योजनाओं के क्रियान्वयन में लायें तेजी:डीएम

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट में जिला योजना, राज्य योजना तथा केन्द्र पोषित योजना की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुये कहा कि जनता को योजनाओं का लाभ समय से दिलाने हेतु सभी अधिकारी जनपद में प्रस्तावित एवं गतिशील कार्यों एवं योजनाओं को अमलीजामा पहनाने हेतु कार्यो में तेजी लाते हुये ससमय पूरा करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि द्वितीय किस्त के आवंटन के लिये सभी विभाग तत्काल प्रपोजल बनाकर डीएसटीओ को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि शीघ्र सम्बन्धित विभागों को द्वितीय किस्त का आवंटन किया जा सकें। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माणाधीन योजनाओं को पूरी गुणवत्ता के साथ समयबद्धता से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्यो में तेजी लाकर योजनाओं को समयबद्धता से पूर्ण करने के साथ ही सभी सेक्टर में आवंटित धनराशि का समय से सदुपयोग करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जनपद में संचालित सभी योजनाओं एवं निर्माण कार्यों को समावेशित करते हुए पूरा विवरण उपलब्ध कराया जाये। जिलाधिकारी ने बीस सूत्रीय कार्यक्रम में जनपद को दूसरा स्थान प्राप्त होने पर प्रसन्ता व्यक्त करते हुये कहा कि सभी को और तेज गति से विकास कार्य करने की जरूरत है। जिलाधिकारी ने कहा कि शीघ्र ही सचिव आवास विभाग उत्तराखण्ड शासन डॉ0 एसएन पाण्डे जनपद में पहुंचकर जनपद के विकास कार्यो की विस्तार से समीक्षा करने के साथ-साथ स्थलीय निरीक्षण भी करेगें। उन्होंने कहा कि जनपद में किये जा रहे विकास कार्यो की प्रगति रिपोर्ट सभी विभाग निर्धारित प्रारूप शीघ्र डीएसटीओ कार्यालय को उपलब्ध करा दे। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जीमल ने बताया कि केन्द्र पोषित योजनान्तर्गत जनपद हेतु अनुमोदित 81371.17 लाख धनराशि के उपरांत शासन से अवमुक्त धनराशि 48280.64 लाख रूपये के सापेक्ष 40436 लाख रूपये की धनराशि का उपयोग किया जा चुका है जोकि 83.75 प्रतिशत है। राज्य सैक्टर में 32920.11 लाख अनुमोदित उपरांत शासन से अवमुक्त 27004.15 लाख रूपये के सापेक्ष 17898.95 लाख रूपये की धनराशि का उपयोग किया जा चुका है जो 66.28 प्रतिशत है। जिला योजनान्तर्गत 6867.77 लाख अनुमोदित के उपरांत शासन से अवमुक्त 2289.26 लाख रूपये के सापेक्ष 1494.05 लाख रूपये की धानराशि का उपयोग किया जा चुका है जो 65.26 प्रतिशत है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जीमल, एसीएमओ डॉ0 हरेन्द्र मलिक, मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, अधिशासी अभियन्ता आरडब्लूडी पंकज कुमार, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



# उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का करें समुचित चिकित्सकीय प्रबंधन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं खसरा-रूबेला उन्मूलन तथा सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्वास्थ्य सूचकांकों, मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर, तथा टीकाकरण पर विशेष चर्चा की गई। जिलाधिकारी द्वारा समस्त चिकित्सा अधीक्षकों को संबंधित क्षेत्र में मातृ मृत्यु तथा शिशु मृत्यु दर पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का समुचित चिकित्सकीय प्रबंधन करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित समस्त समस्त राष्ट्रीय



कार्यक्रमों की भी समीक्षा करते हुए उनके सफल क्रियान्वयन हेतु संबंधितों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा सिकल सेल अनिमिया की स्क्रीनिंग को बढ़ाने हेतु स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा को जनपद में आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी बनाने का लक्ष्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री विशाल मिश्रा, मुख्य कोषाधिकारी डॉ पंकज कुमार शुक्ल, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 आरके सिन्हा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 हर्रेद्र मलिक, डॉ0 राजेश आर्य, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, डॉ0 हितेश शर्मा, डॉ0 संजीव सरना, हिमांशु मुस्युनी, चांद मियां आदि उपस्थित थे।

# पुरस्कार वितरण के साथ संस्कृत प्रतियोगिता संपन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी देहरादून द्वारा जनपदीय द्विदिवसीय संस्कृत प्रतियोगिता भंजूराम अमर इण्टर कॉलेज, भूरारानी में आयोजित हुई। जिसका उद्घघाटन महामण्डलेश्वर परम पूज्य स्वामी धर्मदेव जी महाराज द्वारा दीप



प्रज्वलन कर किया गया। अपने उद्घाटन भाषण में महामण्डलेश्वर परम पूज्य स्वामी जी ने संस्कृत भाषा के महत्त्व पर व्यापक प्रकाश डाला। उन्होने संस्कृत को सभी भाषाओं की जननी बतलाते हुए इसके समृद्ध- साहित्य को भारतवर्ष की बहुमूल्य निधि बताया।मुख्य शिक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र आर्य ने समस्त प्रतिभागी बच्चों के मंगलमय भविष्य की कामना की तथा सफल आयोजन के लिए विद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र सिंह ने भी बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया। जनपदीय संस्कृत प्रतियोगिता के समापन सत्र के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी के इस कार्यक्रम की सराहना की तथा विविध प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहन खेडा ने की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक सुरेश गांधी, कोषाध्यक्ष गणपत राम गांधी, डॉ. पीएन सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. मधुसूदन मिश्र, श्रीमती विनीता काण्डपाल प्रधानाचार्य, अमर इण्टरनेशनल स्कूल, भूरारानी, डीएस पाण्डेय, राम सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन जिला संयोजक सुभाष चन्द्र मिश्र तथा जिला सहसंयोजक श्रीमती किरन बाला पाण्डेय ने किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एनएल गंगवार ने समस्त अभ्यागत अतिथियों का स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया तथा विजेता प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ढेर सारी शुभ-कामनाएं दी।



# आरएएन में सामाजिक विज्ञान और विज्ञान की शैक्षिक प्रदर्शनी आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आरएएनपब्लिक स्कूल के प्रांगण में कक्षा चार के छात्र-छात्राओं द्वारा सामाजिक विज्ञान और विज्ञान की शैक्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय के प्रबंधक मोहित राय व प्रबंधिका श्रीमती निधि राय ने फीता काटकर किया। प्रदर्शनी में सामाजिक विषय के अन्तर्गत पूर्व, पशिचम, उत्तर और दक्षिण भारत की सभी संस्कृतियों का अत्यंत मनमोहक प्रदर्शन किया गया, जिसमें भारत के हर राज्य से संबंधित भोजन, परिधान व नृत्य शैली का रोमांचक प्रदर्शन किया गया। परिधानो में पटोला, दाजवरी, बनारसी, जरदोसी, सूती, रेशमी व खादी साड़ियों व वस्त्रों का प्रदर्शन किया था। इसके अतिरिक्त प्रत्येक राज्य के प्रमुख व बहुमुखी व्यक्तित्व और इमारतों का भी सुंदर मॉडलोंद्वारा प्रस्तुतिकरण किया था। सभी छात्र मुख्य अतिथियों और अभिभावकों को एक-एक मॉडल की अच्छे से जानकारी दे रहे थे। इसी श्रंखला में दूसरी ओर विज्ञान के मॉडल भी अपना अद्भुत परिचय देकर सभी के ज्ञान को बढ़ा रहे थे। जिसमें छात्रों ने कार्यशील जल प्रयोग, वायुदाब प्रयोग, चंद्र ग्रहण कार्य मॉडल, प्रकाश संश्लेषण मॉडल, ड्रोन, मेकेनिक्स, जल प्रबंधन मॉडल और चंद्रयान 3 का सुंदर मॉडलों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। सभी अभिभावकों ने छात्रों की मेहनत और ज्ञान की खूब सराहना की। प्रदर्शनी का संपूर्ण संचालन विद्यालय की मुख्य अध्यापिका श्रीमती मेघना गुप्ते व अन्य अध्यापकों के निर्देशन में किया गया।



# सिक्स सिग्मा में धूमधाम से मना बालिका दिवस

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 11 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया जिसमें सिक्स सिग्मा की छात्राओं ने पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से अपने अधिकारों पर चर्चा की तथा एक निबंध प्रतियोगिता भी रखी गई जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। संस्थान में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस बड़ धूमधाम से मनाया गया। अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रतिवर्ष 11 अक्टूबर को मनाया जाता है इसको मनाने का प्रमुख उद्देश्य बालिकाओं को उनके विभिन्न अधिकारों जैसे कि शिक्षा, स्वास्थ्य, समानता आदि के बारे में जागरूक करके एक श्रेष्ठ समाज का निर्माण करना है । अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस सर्वप्रथम संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 11 अक्टूबर 2012 में मनाया गया था । कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष राजेश डावर ,उपाध्यक्ष प्रीत ग्रोवर, प्रबंधक निदेशक शिव अरोरा, निर्देशिका डॉक्टर सीमा अरोरा, मैनेजमेंट मेंबर वंश डावर, कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट, फार्मेसी प्राचार्य डॉ विजय सिंह तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओ ने सभी छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी एवं इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी गिरीश गुरुरानी, विनोद जोशी, देव विश्वास, अमृता विश्वास सहित 40 से अधिक छात्राऐ उपस्थित रही ।



# लाइवस्टॉक डेवलपमेंट बोर्ड ने आयोजित की प्रशिक्षण कार्यशाला

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। लिंग वर्गीकृत वीर्य हैंडलिंग एवं कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ताओ की क्षमता विकास हेतु उत्तराखंड लाइवस्टॉक डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन उत्तराखण्ड ग्राम्य विकास एवं पंचायतीराज संस्थान रुद्रपुर सभागार कक्ष में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जानकारी देते हुए अपर प्रबंधक प्रयोगशाला यूएलडीबी श्यामपुर ऋषिकेश डॉ पुनीत भट्ट द्वारा लिंग वर्गीकृत वीर्य के प्रयोग की मानक विधि ,प्रयोग से सम्बन्धित सावधानियो के दृष्टिगत कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ताओ की क्षमता विकास के सबंध में विस्तृत जानकारी दी गई, साथ ही लिंग वर्गीकृत वीर्य की सामान्य वीर्य से भिन्नता को समझाते हुए बताया गया कि लिंग वर्गीकृत वीर्य के बेहतर प्रबंधन से किस प्रकार परिणामों को अनुकूल बनाते हुए कृषको की आय को दोगुना किया जा सकता है । इसके पश्चात निलेश येमुल प्रयोगशाला प्रबंधक एसटी यूएलडीबी श्यामपुर ऋषिकेश द्वारा लिंग वर्गीकृत वीर्य से सम्बंधित तकनीक का परिचय देते हुए भविष्य में इसकी उपयोगिता के विषय में विस्तृत जानकारी साझा की गयी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद में कुल 23 पशुचिकित्सा अधिकरियो द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉएसबी पाण्डे, उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ केके जोशी, डॉ राजीव कुमार डॉ शिवानी चौहान आदि उपस्थित रहे।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## खानपान और बीमारियां

बदलते रहन–सहन और खानपान से बीमारियों और अन्य स्वास्थ्य चुनौतियों के प्रति लगातार आगाह किया जाता रहा है। विडंबना यह है कि इंसान कई बार खतरों को सामने देखते हुए भी अपनी आंख, नाक, कान बंद कर लेता है, यानी चेतावनियों की अनदेखी करता है। इसी प्रवृत्ति के समांतर परिवर्तित जीवनशैली के दुष्परिणामों में से एक, आघात को लेकर विज्ञान पत्रिका 'लांसेट' ने जो ताजा अध्ययन जारी किया है, उसके आंकड़े चिंताजनक तस्वीर पेश कर रहे हैं।शोध में अनुमान लगाया गया है कि अगर समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो सन 2050 तक दुनिया भर में आघात से मरने वाले लोगों की संख्या पचास फीसद बढ़कर हर वर्ष एक करोड़ तक पहुंच जाएगी। बीते तीन दशकों में दुनिया भर में आघात के मामले करीब दोगुने हो चुके हैं। चिंता की बात यह है कि इससे सबसे ज्यादा प्रभावित निम्न और मध्यम आय वाले देश हैं।ऐसा या तो इन क्षेत्रों में भूख, गरीबी, बीमारी और प्राकृतिक आपदाओं के चलते उपजी स्वास्थ्य समस्याओं और चिकित्सा सुविधाओं की भारी कमी की वजह से हुआ या फिर कुछ क्षेत्रों में औद्योगीकरण के चलते मानव श्रम पर आए अत्यधिक दबाव के कारण।इस बढ़ती समस्या की जड़ में वजहें जो भी रही हों, अगर संबंधित देशों का स्वास्थ्य तंत्र, वैश्विक एजेंसियों और प्रभावित क्षेत्रों ने इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया तो आने वाले दशकों में इसका बहुत अधिक प्रतिकूल प्रभाव देखने को मिल सकता है। भारत इन्हीं क्षेत्रों में शामिल है जहां की स्थिति आज भी बहुत चिंताजनक है।यहां यह समस्या कितनी आम हो गई है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि भारत में हर चार मिनट में एक व्यक्ति की जान आघात से जा रही है। एक आंकड़े के मुताबिक आघात के 68.6 फीसद और इससे मौत के 70.9 फीसद मामले भारत में सामने आते हैं। यह बीमारी अमूमन पैंसठ वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में होती है, लेकिन भारत में बीस वर्ष तक के इकतीस फीसद युवा और बच्चे भी अब इसकी चपेट में आ रहे हैं। यहां मौत का दूसरा सबसे सामान्य कारण आघात के रूप में सामने आ रहा है। आखिर क्या वजह है कि कारण और स्थितियां जगजाहिर होने के बावजूद यह समस्या इतने जटिल रूप में गहराती जा रही है।दरअसल, मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रानिक संसाधनों पर अधिक समय बिताना, बाहर का खाना विशेषकर 'जंक फूड' पर निर्भरता, देर रात सोना और सुबह देर से जागना, पारिवारिक अलगाव, एकाकीपन जैसी समस्याएं आज आम होती गई हैं। इन कारणों से तनाव, उच्च रक्तचाप, मोटापा, हृदय की बीमारियां लोगों को घेर रही हैं।स्वास्थ्य विशेषज्ञ इन्हीं सब को आघात का प्रमुख कारण बताते हैं। यह एक ऐसी घातक बीमारी है, जो हमला तो अचानक करती है, लेकिन उसके लिए हम बहुत पहले से जमीन तैयार कर रहे होते हैं। सब जानते हैं बदलती जीवनशैली जान पर भारी पड़ रही है। इसके बावजूद सबक लेने को तैयार नहीं। प्रतिस्पर्धी दौर में सब एक–दूसरे से आगे निकलने की दौड़ में जुटे हैं, भले ही इसके परिणाम कितने ही घातक क्यों न हों। चिंताजनक यह भी है कि देश में आघात के मरीजों का शीघ्र और बेहतर ढंग से इलाज करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे और संसाधनों का भारी अभाव है। तीसरी दुनिया के अन्य देशों में तो स्थिति और भी खराब है। सभी सरकारों को समय रहते इस ओर ध्यान देना होगा, अन्यथा आने वाला कल कितना मुश्किल होगा, कहा नहीं जा सकता।

# अग्रोहा समाज के प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन

## महाराजा अग्रसेन जयंती पर विशेष

पतंगों की तरह इस विश्व रंगमंच पर प्राणी आते हैं और चले जाते हैं। जातियां उत्पन्न होती है अपना विकास कर चरमोन्नति के पश्चात काल के गाल में समाकर समाप्त हो जाती है, यदि कुछ रह जाता है तो वह है उनके द्वारा किए गये कार्यों की कर्म गाथा। महाराजा अग्रसेन की भी गाथा और उनका यशोगान अमर है। हजारों वर्ष पूर्व इस धरती पर अवतरित हुये राजाधिराज अब भी अपनी



प्रजावत्सलता न्याय, दानशीलता, धार्मिकता एवं लोकोपकारी प्रवृत्तियों और श्रेष्ठ आदर्शों के कारण याद किये जाते हैं।महाराज अग्रसेन द्वारा अर्जित राज्य की सीमायें पश्चिम में मारवाड़, दक्षिण में अग्रोहां, पूर्व में आगरा तथा उत्तर में हिमालय की तराइयों तक विशाल भूभाग में फैला एक बड़ा देश था। महाराज अग्रसेन, अपने राज्य की सुदृढ़ व्यवस्था के लिये राज्य को हिसार, नारनोद, रोहतक, हांसीलोग सिरसा, दिल्ली, मेरठ जगाधारी, अमृतसर, उदयपुर, अलवर आदि अट्ठारह भागों में विभक्त कर दिया था। वे सभी छोटे छोटे प्रांत महासंघ के ही हिस्सा थे एवं पूरे देश की बागडोर अंतिम रूप से अग्रसेन के हाथों में सुरक्षित थी। इन अठारह राज्यों के स्थानीय शासन –प्रशासन संचालन के लिये प्रतिनिधियों की नियुक्ति की गई थी।इन प्रतिनिधियों को महाराज अग्रसेन पुत्रवत स्नेह देते थे। महाराज अग्रसेन का एक सिद्धांत काफी सर्वप्रिय था। वह था सर्वधर्म समभाव की तरह सर्वजन समभाव। वे किसी भी प्रजा को अपने राज्य में निर्धन नहीं देखना चाहते थे। सभी को सुखी एवं संपन्न देखना उनका सपना एवं कार्य था। तभी तो प्रजा ने भी उनके सिद्धांतों को समग्र रूप से अपना कर उसे व्यावहारिकता का जामा पहना दिया था। नियमानुसार राज्य में आने वाले सभी निर्धनों को वहां के लोग एक एक स्वर्ण मुद्रा देकर अपने समान बना लेते थे ताकि राज्य में आने वाला निर्धनता का अनुभव न करे। ऐसी अप्रतिम व्यवस्था और ऐसी उदार मनोभावना का प्रचार प्रसार सर्व साधारण में आज के इस प्रगतिशील, उन्नत तथा विश्व बंधुत्व की भावना से ओत प्रोत इस युग में भी नहीं देखा जा सका है। अन्य उदाहरण भी इतिहास के पन्नों को पलटने पर नहीं मिलता कि किसी राज्य में नव आगंतुकों को एक ईंट एक स्वर्ण मुद्रा देकर अपने समान बना लेने की महाराजा अग्रसेन के जैसे शासन प्रणाली लागू की गई होगी। महाराज अग्रसेन एक राजा के पहले एक मानव थे और व्यक्तिगत रूप से भी इन गुणों, आदर्शों व महान कार्यों की दृष्टि से काल की सीमाओं में नहीं बांधे जा सकते। महाराज अग्रसेन द्वारा ही बनिया समाज की स्थापना की गई है। ऐसा माना जाता है कि पौराणिक महायुद्ध महाभारत के कुछ समय बाद व आज से लगभग पांच हजार वर्ष पूर्व अग्रसेन द्वारा अग्रवाल (बनिया) समाज की स्थापना की गई थी। यह अग्रसेन की कुशल नीति का व उनकी दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि उनके द्वारा स्थापित समाज आज भी समय की गति को पहचानते हुए युगानुकूल ताल के साथ ताल मिलाकर युग को नवीन गति देने में संलग्न है। अनेक सभ्यताएं नष्ट हो गई। रोम और युनान की सभ्यता अब केवल इतिहास की पुस्तकों में ही सिमटकर रह गई है किन्तु अग्रजाति का अस्तित्व आज भी फल फूल रहा है, गौरवान्वित हो रहा है। महाराजा अग्रसेन ने राज्य तंत्रवादी परम्परा को त्यागकर. समाजवाद के समन्वयवादी सिद्धांतों को बड़ी आत्मीयता से आत्मसात किया। अपनी प्रजा को मन से, हृदय से बड़े सहजरुप में इसे अपना लेने के लिये साथ ले लिया था। श्प्रजा ने भी उनके सिद्धांतों को व्यवहारिकता का रूप देने ने कभी आनाकानी नहीं की अर्थात – ष्जैसा राजा वैसी प्रजा वाली कहावत को चरितार्थ करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। आज इस स्वार्थ भरे माहौल में जीने वाले लोगों को अपने इस गौरवपूर्ण अतीत से शिक्षा लेनी होगी। समाज के देश के धनी लोग अगर निर्धनों पर कृपा दृष्टि करें। उनकी सहायता करें तो असंभव नहीं है कि हमारा समाज हमारा देश फिर उसी गौरवशाली समतापूर्ण स्वरूप को पा जाये। आज अग्रसेन जयंती के पावन पर्व पर सभी को संकल्प लेना चाहिये कि हम सामाजिक, आर्थिक,राजनीतिक, धार्मिक, चिकित्सकीय, परोपकार, सहयोग एवं समानता सहित सभी जग हितार्थ कार्यों में मानव समाज के कल्याण एवं प्रगति के कार्य करने के लिये आगे आयें। हमें महाराजा अग्रसेन जी के बताये बनाये सत्य, अहिंसा, न्याय, त्याग, समाजवाद और सहकारिता के रास्ते पर चलना चाहिये जिससे बुराईयां स्वयंमेव समाप्त हो जायेगी। हमे मात्र अपने गौरवपूर्ण इतिहास का हवाला देकर ही शांत नहीं रह जाना चाहिये बल्कि हमें इतिहास के अनुरूप ही सेवाभाव, समभाव में कार्य करना होगा। तभी हमारा वर्तमान और भविष्य भी अतीत के समान गौरशाली व सुनहरा हो सकेगा। आईये सभी मिलकर महाराजा अग्रसेन जी की जयंती के अवसर पर उन्हें स्मरणांजलि स्वरुप कुछ श्रद्धा के फूल अर्पित करें। मिले तुम्हें नई मुस्कान, फिर जग में सबेरा हो। घृणा का पाप धोकर स्नेह धारा में नहाओ तुम । पुरानी लीक पर चलना तुम्हे शोभा नहीं देता, नया विश्वास लेकर पथ नया अपना बनाओ तुम ।।

**– सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'**

## दुकान से हुई चोरी की रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत दिवस सब्जी मंडी में अज्ञात चोरों द्वारा मोबाईल की दुकान में की गई चोरी की घटना के मामले में दुकान स्वामी ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में योगेन्द्र कुमार पुत्र सतीश कुमार निवासी रम्पुरा वार्ड 23 ने कहा है कि उसकी सब्जी मण्डी नैनीताल रोड मे मोबाइल रिपेयरिग की दुकान है। 11अक्टूबर की रात्रि किसी अज्ञात चोर द्वारा शटर का ताला तोड कर दुकान से एक टैबलैट जिसको वह अपने निजी कार्य के लिए प्रयोग करता था और एक किपैड और कुछ रिपैरिग के लिये आये पुराने फोन व लगभग 3 हजार रूपये नगद चोरी कर ले गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं ।

## न्यायिक कार्यों से विरक्त रहे अधिवक्ता

काशीपुर। पुलिस से अधिवक्ताओं की एक बार फिर से अदावत हो गई है। तनातनी को लेकर आज अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों से विरक्त रहने का ऐलान कर दिया। यह मामला एसडीएम कोर्ट व तहसील में चर्चा का विषय बना रहा। बार एसोसिएशन के सभागार में अधिवक्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई जिसमें अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता सुरक्षा उनके अधिकारों एवं आत्म सम्मान के हनन को लेकर पुलिस की दमनकारी नीतियों के खिलाफ एक स्वर में मोर्चा खोलने का ऐलान किया। इसी मामले को लेकर अधिवक्ताओं ने आज न्यायिक कार्यों का बहिष्कार कर दिया।

# बंद घर से जेवरात चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## नाबालिक सहित पांच शातिर गिरफ्तार ,चोरी के जेवरात को पिघलाने, बेचने एवं खरीदने वाला ज्वैलर्स भी गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कोतवाली, थाना मुखानी तथा एसओजी की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए बंद घरों से जेवरात चोरी करने वाले चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए भारी संख्या में जेवरात व कार सहित एक नाबालिग सहित पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने चोरी के जेवरात खरीदकर उसे पिघलाने व बेचने वाले ज्वेलर की भी दबोच लिया। मामले का पर्दाफाश करते हुए एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि 29 सितंबर को वादी बसन्त कुमार निवासी आरटीओ रोड, कुसुमखेडा की लिखित तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया रमेश बोहरा थानाध्यक्ष मुखानी के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन कर आवश्यक कार्यवाही शुरू की गयी। पूर्व में गिरफ्तार किये गये अभियुक्त गणों व संदिग्धों से की गयी पूछताछ पर चौकिंग के दौरान इस मामले में एक बालक से चोरी का माल बरामदगी होने पर उसे संरक्षण में लिया गया।अन्य दो अभियुक्त गण कमलेश कुमार पुत्र परमानन्द साह निवासी आरटीओ रोड मुखानी, स्थाई पता गोविन्द वाडा थाना फेनहाडा जिला मोतीहारी चम्पारन बिहार, विजय कुमार पुत्र बृजकिशोर निवासी नगर निगम गेट मल्ला गोरखपुर वाली गली थाना मुखानी, विजय कुमार के पास से चोरी का माल बरामद होने पर उन्हें गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि



चोरी के मुख्य सरगना राजेन्द्र चौहान उर्फ राजू उर्फ राज पुत्र गोविन्द चौहान निवासी धनपुरी हल्द्वानी,संदीप कुमार पुत्र नन्द किशोर निवासी कृष्णा फार्म हाउस के सामने देवलचौड़ हल्द्वानी से भी चोरी का माल बरामद होने पर गिरफ्तार किया गया। चोरी में प्रयुक्त वाहन यूके 06 एम 8492 अल्टो कार को पुलिस ने अपने कब्जे में लिया। बालक को अकब से न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। विवेचना के दौरान ज्ञात हुआ कि राजेन्द्र चौहान उर्फ राजू उर्फ राज संदीप कुमार, उज्जवल परगाई व सुभाष दिवाकर दिन में बंद घरो की रैकी करते है और रात में बंद घरो के ताले तोड़कर चोरी करते थे। जिनमें से कमलेश कुमार जिसकी मुक्तेश्वर में मॉ ज्वैलर्स की दुकान है को गिरफ्तार किया गया है। मामले में तीन अभियुक्तों उज्जवल, सुभाष दिवाकर, विजेन्दर कुमार उर्फ कन्नू को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार शातिर चोरों की तलाशी लेने पर उनके पास से फूलदार दाने, दो चॉदी की पायल, चार फूलदार दाने, तीन जोड़ी पायल, दो जोड़ी बिछुवे, सहित दो मंगलसूत्र, 14 फूलदार दाने,दो जोड़ी कान के झुमके, तीन मॉग टीके, एक जेंट्स अंगूठी, एक लेडीज अंगूठी, एक अल्टो कार शामिल है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मुखानी थानाध्यक्ष उनि. रमेश सिंह बोहरा, उनि. अनिल कुमार, चौकी प्रभारी आम्रपाली, उनि. प्रीती, चौकी प्रभारी आरटीओ रोड, रविन्द्र खाती, महबूब अली, चन्दन सिंह, मनीष उप्रेती, सुनील आगरी, एसओजी टीम के प्रभारी उनि. राजवीर सिंह नेगी, हेकानि. त्रिलोक सिंह, कानि. भानु प्रताप, कोतवाली हल्द्वानी व सीसीटीवी टीम में उनि. रविन्द्र राणा,हेकानि. इसरार नवी शामिल थे।

## भाजयुमो के पदाधिकारी पर लगाया गुंडागर्दी का आरोप

काशीपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता युवा मोर्चा ग्रामीण मंडल महामंत्री पर एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर गुंडागर्दी के गंभीर आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। शिकायतकर्ता ने तहरीर की प्रतिलिपि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा जिले के एसएसपी को भी प्रेषित किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर शिवलालपुर अमर झंडा थाना आईटीआई निवासी करतार सिंह पुत्र गंगाराम ने बताया कि पिछले दिनों उसके द्वारा उपरोक्त गांव निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ धारा 354/ 506 आईपीसी के अंतर्गत थाना आईटीआई में मुकदमा दर्ज कराया गया। बीते 22 मई में को इसी मामले में गवाही की तारीख नियत थी लेकिन शिकायतकर्ता का आरोप है कि अभियुक्त द्वारा मुकदमा वापस न लेने के एवज में उसे धमकियां दी जा रही है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि अभियुक्त अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ उसकी पुत्री के घर जाकर गवाही देने को लेकर लगातार उसे डराते धमकाते हुए उसका उत्पीड़न कर रहा है। आरोपी पक्ष लगातार पीड़ित पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। अभियुक्त के बारे में बताया गया कि वह एनडीपीएस के एक मामले में इन दिनों जेल से बाहर है। उसने खुद को कानून से बचाने के लिए उसने राजनीतिक दल का सहारा लेकर अपने को कथित तौर पर महफूज कर लिया है।

## स्वयं सेवियों ने निकाली अमृत कलश यात्रा

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। एन एस एस इकाई के स्वयंसेवियों द्वारा अमृत कलश यात्रा एवं स्वदेशी पौधों की अमृत वाटिका स्थापित की गयी।श्री गुरु नानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्वयंसेवियों द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश अभियान में अमृत कलश यात्रा निकाली गई और स्वदेशी पौधों की अमृत वाटिका स्थापित की गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सीता मेहता एवं एनएसएस प्रभारी डॉ इंदुबाला के नेतृत्व में सभी स्वयंसेवी छात्र–छात्राओं ने अमृत कलश यात्रा में प्रतिभाग कर रैली निकाली और वाटिका में पौधारोपण किया। स्वयंसेवी छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सीता मेहता एवं एनएसएस प्रभारी डॉ इंदु बाला ने स्वयं सेवकों को बताया कि भारत सरकार के युवा खेल मंत्रालय एवं एनएसएस प्रभाग के निर्देशन में मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत



अमृत कलश यात्रा एवं पौधारोपण कार्यक्रम प्रत्येक स्कूलों कॉलेजों तथा विश्वविद्यालयों के स्वयंसेवियों द्वारा निकाली जा रही है उन्होंने कहा कि स्वयं सेवियों को 'तू नहीं मैं' की भावना से प्रेरित होकर सामाजिक कार्यों में बढ़–चढ़कर भाग लेकर अपने दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। डां मनोज कुमार जोशी ने कहा कि स्वयंसेवियों में स्वयं से कार्य शुरू करने की भावना होनी आवश्यक है जब स्वयं आगे बढ़ेंगे तब समाज एवं राष्ट्र आगे बढ़ेगा उन्होंने कहा कि एनएसएस इकाई का यह वृक्षारोपण अभियान प्रकृति को बचाए रखने एवं उसका संवर्धन– संरक्षण करने की सभी को प्रेरणा भी देता है। वृक्ष की महिमा बताते हुए उन्होंने कहा कि वृक्ष हमें प्राण देता हैऔर सभी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करता है वृक्षों की सुरक्षा करना सबका दायित्व है वृक्ष सुरक्षित तो हम सुरक्षित प्रकृति को बचाने के लिए वृक्षारोपण करना बहुत आवश्यक है और यह एक पवित्र कार्य भी है। इस अवसर पर डॉ गोपाल सिंह, मनोज कुमार, डॉ शोभा बोरा ,कविंद्र सिंह बोहरा, कामिनी राणा ,ज्योति राणा ,हरविंदर सिंह, पंकज सिंह बोहरा, आरती राणा, वर्षा सक्सैना, नीमा गोस्वामी, अफ्सा खान रश्मि सारथी, रेनू थापा, प्रिया थापा, डॉ किरन,पूनम राना, दुर्गा नाथ गोस्वामी, देवराम सहित महाविद्यालय के छात्र–छात्र उपस्थित थे।

# अग्रसेन जयंती सप्ताह के अंतर्गत हुए कई कार्यक्रम





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अग्रकुल शिरोमणि महाराज अग्रसेन जी की जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल युवा संगठन द्वारा मनाए जाने वाले सप्ताह का शुभारंभ प्रकृति पूजन से प्रारम्भ हुआ। सप्ताह के पहले दिन अग्रवाल सभा तथा अग्रवाल युवा संगठन के पदाधिकारियों और समस्त सदस्यों ने 18 गोत्रों के नाम पर ग्रीन पार्क कालोनी के पार्क मे पौध लगाए। कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ अग्रबंधु, समाजसेवी तथा ग्रीन पार्क समिति के अध्यक्ष शिवकुमार बंसल तथा अग्रवाल सभा के अध्यक्ष गौतम रुंगटा ने संयुक्त रूप से किया। युवा संगठन द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती सप्ताह के दूसरे दिन रुद्रपुर के अग्रसेन चौक पर भंडारे का आयोजन किया, जिसमे सैकड़ों श्रमिको ने भंडारा ग्रहण किया। भोजन वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ वरिष्ठ उद्योगपति, अग्रबंधु और समाजसेवी विष्णु बंसल और उनके पुत्र सीए अभिनव बंसल द्वारा महाराजा अग्रसेन चित्र के सम्मुख पुष्पार्जन कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विष्णु बंसल और अभिनव बंसल ने युवा संगठन के सभी कार्यो की भरपूर प्रशंसा की, उन्होने कहा की युवा संगठन के अंदर सेवा की भावना इसी प्रकार रहनी चाहिए, जिसके लिए सभी सदस्य प्रशंसा के पात्र है। उन्होंने भविष्य मे इस प्रकार के सेवा कार्यक्रम हेतु हरसंभव सहायता और सहयोग देने का भी आश्वासन दिया। अग्रवाल युवा संगठन द्वारा तीसरे दिन निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला के परिसर में किया गया। शिविर में 300





मरीजों ने विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाओं का लाभ लिया। शिविर का उदघाटन कृष्णा अस्पताल, रुद्रपुर के निदेशक डा. गौरव अग्रवाल तथा डा. पारस अग्रवाल, महामंत्री नितेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष नरेंद्र बंसल ने संयुक्त रूप से किया। निःशुल्क मेडिकल कैम्प मे कृष्णा अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सको द्वारा निःशुल्क परामर्श, इलाज तथा दवाई वितरित की गई। खेलों और युवाओ मे खेलों के प्रति रुझान को देखते हुए संगठन द्वारा मैत्री क्रिकेट मैच का भव्य आयोजन दिल्ली पब्लिक स्कूल के ग्राउन्ड मे किया गया । जिसमे श्री राज फाइटर की टीम ने द्रोण वैरिअर को कड़ी शिकस्त दी। मैच का उद्घाटन जिले के मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, वरिष्ठ अग्रबंधु, समाजसेवी तथा उत्तराखंड अग्रवाल महासभा कुमाऊँ मण्डल के कार्यकारी अध्यक्ष विजय भूषण गर्ग, द्रोण एजुकेशन के प्रबंधक देव शर्मा तथा डीपीएस के चेयरमैन सुरजीत ग्रोवर ने किया। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवॉर्ड वत्सल अग्रवाल को मिला। संगठन द्वारा रुद्रपुर के शहीद ऊधम सिंह मेमोरियल ब्लड बैंक, डॉक्टर कॉलोनी में एक स्वैछिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ वरिष्ठ अग्रबंधु, समाजसेवी सुरेन्द्र कुमार सिंघल द्वारा किया गया। शिविर संयोजक हिमांशु जिंदल और सौरभ अग्रवाल ने बताया की अग्रसेन जयंती उत्सव के अंतर्गत विभिन्न सेवा कार्य किए जा रहे है, जिसके निमित्त आज रक्तदान शिविर लगाया है। उन्होंने रक्तदाताओं, शहीद ऊधम सिंह मेमोरियल ब्लड बैंक प्रबंधन एवं कर्मचारियों तथा संगठन के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग की अपेक्षा की। रक्तदान को महादान बताते हुए उन्होंने समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने पर भी बल दिया। सभी कार्यक्रमों के सफल संचलन के लिए श्री अग्रवाल सभा, अग्रवाल महिला समिति ने अग्रवाल युवा संगठन द्वारा आयोजित इस सप्ताह को समाज के निर्धन वर्ग की सेवा का महत्वपूर्ण कार्य बताया और कार्यक्रम की सुंदर व्यवस्थाओं के लिए संगठन के सदस्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा युवा संगठन उत्कृष्ठ कार्य कर रहा है। सभी सम्मानित अतिथियों को संगठन द्वारा प्रतीक चिन्ह और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष गौतम रुंगटा, महामंत्री नितेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष नरेंद्र बंसल, कार्यक्रम के संयोजक शुभम गर्ग,अग्रवाल युवा संगठन के अध्यक्ष अमित जिंदल, महामंत्री विनय बंसल, कोषाध्यक्ष सीए सूरज अग्रवाल, विकास जिंदल, मोहित अग्रवाल, श्रीओम अग्रवाल, आयुष गर्ग, ध्रुव सिंघल, पुलकित गर्ग, सिद्धांत अग्रवाल, साकेत अग्रवाल, अनिकेत जिंदल, अंकित अग्रवाल, शुभम गर्ग, अनुज अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, हिमांशु जिंदल, प्रवेश गोयल, मुकुल मित्तल, अंकित अग्रवाल, वैभव मित्तल, अमन अग्रवाल, वत्सल अग्रवाल, अमन मित्तल, शोभित अग्रवाल, राहुल बंसल, अभि अग्रवाल समेत युवा संगठन के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## पॉलीथीन के खिलाफ दुकानों में छापेमारी से मचा हड़कम्प

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। प्रतिबंध के बावजूद पॉलीथीन के प्रयोग को लेकर नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी ने कर्मचारियों के साथ नगर में पॉलिथीन के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। छापामारी के दौरान व्यापारियों में हड़कंप मच गया। कई व्यापारी दुकान छोड़कर भाग खड़े हुए। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी विमला जोशी ने कर्मचारियों के साथ नगर में पॉलिथीन के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। छापामारी के दौरान व्यापारियों में हड़कंप मच गया। ईओ ने पॉलिथीन का प्रयोग करने वाले व्यापारियों के चालान काटकर जुर्माना वसूला। साथ ही दुकानदारों को चेतावनी भी दी पॉलिथीन का प्रयोग न करें पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कई दुकानदार अपनी दुकान छोड़कर फरार हो गए। वहीं अभियान के बीच में अधिशासी अधिकारी विमला जोशी का स्वास्थ्य बिगड़ गया। कर्मचारियों ने आनन फानन में उनको अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनकी हालत में सुधार है। अभियान के दौरान इस मौके पूजा भट्ट, संजय कुमार, प्रकाश कुमार, दान सिंह राणा, प्रदीप, सुमित, कृष्ण भट्ट, तरुण गुलाटी आदि कर्मचारी मौजूद थे।

## बालक की मौत पर जताया शोक

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। कुछ दिन पहले हुये सड़क हादसे मे जेल कैंप निवासी तेरह वर्षीय सुमित मिस्त्री के दर्दनाक मौत हो गयी थी। शोकाकुल परिवार का हाल जानने के लिए सितारगंज सीट से पूर्व कांग्रेस विधायक प्रत्याशी नवतेज पाल अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुँचे, साथ ही हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। एसडीएम सितारगंज से दूरभाष पर वार्ता कर पीड़ित परिवार को



मुआवजा देने व भारी वाहन की आवाजाही बंद करने की मांग की । इस मौके पर नवतेज पाल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य , नगर अध्यक्ष प्राण मंडल , यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सुमिन्दर यादव महिला अध्यक्ष सरस्वती वाला , विष्णु प्रताप संजय विश्वास, हरभजन सिंह भगवान पांडे,आदि मौजूद थे।

## न्यायालय के आदेशों की अवहेलना कर रहा पंतनगर विश्वविद्यालय

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पंतनगर विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त कर्मचारी आवास विकास निवासी मनोहर सिंह ने पंतनगर विश्वविद्यालय प्रशासन पर न्यायालय के आदेशों की अनदेखी का आरोप लगाया है। मीडिया को जारी एक वक्तव्य में मनोहर सिंह ने कहा कि शासन ने वर्ष 1998 में कर्मचारियों की सेवानिवृत्त की आयु 60 वर्ष निर्धारित की थी लेकिन पंतनगर विश्वविद्यालय ने इसका अनुपालन नहीं किया। इस सम्बंध में सहायक श्रमायुक्त रूद्रपुर ने 21 जुलाई 2023 को अपने आदेश पारित करते हुए ब्याज सहित भुगतान करने का आदेश दिया। लेकिन इसके विपरीत विश्वविद्यालय ने आदेश को चैलेंज करते हुए हाईकोर्ट नैनीताल का दरवाजा खटखटाया। जिसमें न्यायालय द्वारा 19 सितम्बर 2023 को दायर याचिका को खारिज कर दिया है। लेकिन इसके बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन न्यायालय के आदेशों की अनदेखी कर रहा है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम RENU BALA MADAN (पुराना नाम) से बदलकर RENU ARORA (नया नाम) कर लिया है अतः भविष्य में मुझे RENU ARORA (नया नाम) W/o LATE SHRI RANDHIR ARORA के नाम से जाना पहचाना जाए।

वर्तमान पता – A-23, DURGA MANDIR GALI, RUDRAPUR DISTT-UDHAM SINGH NAGAR (UTTARAKHAND)-263153

## पेज एक का शेष...

**घर में बार पर ...**काफी रूचि भी दिखा रहे थे। इन्हीं में से एक को पिछले दिनों एक बार लाइसेंस जारी भी किया गया था ,लेकिन इसका कुछ वर्गों और महिलाओं ने विरोध शुरू कर दिया ।इसके बाद आबकारी विभाग को इस व्यवस्था पर रोक लगाने का निर्णय लेना पड़ा। संयुक्त आयुक्त आबकारी बीएस चौहान ने राज्य के आबकारी आयुक्त हरिचंद सेमवाल द्वारा बुधवार को जारी किए गए आदेश का हवाला देते हुए बताया कि फिलहाल इस व्यवस्था पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। उल्लेखनीय है कि आबकारी विभाग के वर्तमान नियमों के तहत प्रदेश में कोई भी व्यक्ति केवल नौ लीटर शराब का ही परिवहन कर सकता है ।साथ ही इससे ज्यादा शराब घर में रखना भी आबकारी अधिनियम के विरुद्ध है।

**अभिनेत्री रानी मुखर्जी...**मंदिर परिसर में बिताया। इन दिनों केदारनाथ धाम में वीआईपी लोगों का आना–जाना लगा हुआ है। दो दिन पहले ही क्रिकेटर सुरेश रैना भी बाबा केदार का आशीर्वाद लेने पहुंचे थे। इसके बाद उद्योगपति मुकेश अंबानी केदारनाथ धाम पहुंचे।

**डिलारी पुलिस ने ...**सुनीता तथा उसके पिता घनश्याम शातिर किस्म के लोग हैं। उन्होंने षड्यंत्र के तहत थाना डिलारी में उसके परिजनों के खिलाफ एक काल्पनिक घटना 23 अगस्त की दर्शाकर 24 सितंबर को दहेज उत्पीड़न गाली गलौज मारपीट आदि का मुकदमा दर्ज करा दिया। इसी मामले में बीते 11 अक्टूबर की शाम लगभग 6 बजे थाना डिलारी में तैनात सब इंस्पेक्टर नीरज पाल अपने साथ एक पुलिस कर्मचारियों को लेकर उसके घर डिफेंस कॉलोनी खड़गपुर पहुंच गए और गाली गलौज करते हुए कहा कि उसकी बहू द्वारा छेड़छाड़ का एक मुकदमा जनपद मुरादाबाद के थाना डिलारी में दर्ज कराया गया है। शिकायतकर्ता ने पुलिस कप्तान को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि उसके पिता अशोक कुमार को यूपी पुलिस के दरोगा ने जबरदस्ती अपनी सेंट्रो कर में डाल दिया और लगभग 5 घंटे तक उन्हें बंधक बनाए रखा। आरोपी दरोगा पर आरोप है कि उसने अशोक को छोड़ने के नाम पर 20 हजार रूपयों की डिमांड की। कहा कि नहीं देने पर अशोक कुमार को जेल में सड़ा देंगे। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसके पिता को यूपी पुलिस ने 5 घंटे तक हिरासत में रखा इस दौरान ना तो थाने में पेश किया और ना ही कोई चालान काटा और नहीं थाने की जीडी में इंद्राज किया गया।

**कार्बेट पार्क की सैर...**के लिए ड्यूटी करने वाले हाथियों को भोजन भी खिलाया। साथ्ज्ञ ही कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डा. धीरज पांडेय के साथ कॉर्बेट टाइगर प्रशासनिक प्रबंध के विषय में भी जानकारी हासिल की और खास तौर पर कॉर्बेट से लगे गांवों के बारे चिंता करते हुए वहां सामुदायिक रोजगार शुरू करने और उनके उत्पादों की मार्केटिंग करने के लिए भी कहा। सीएम धामी ने फॉरेस्ट के अधिकारियों डीएफओ तराई पश्चिम प्रकाश आर्य, रामनगर फॉरेस्ट डिविजन के दिगांत नायक , मुख्यमंत्री के विशेष सचिव डा. पराग धकाते के साथ प्रशासनिक चर्चा की और अतिक्रमण मामले की समीक्षा की।

**संदिग्ध हालातों में...**फाटक से लगभग 100 मीटर आगे रेलवे ट्रैक के पास ट्रेन से कटने से मृत्यु हो गई थी। मृतक के पास से मिले मोबाइल फोन के जरिए मृतक की शिनाख्त हिमांशु कुमार पुत्र दिनेश निवासी द्वाराहाट, अल्मोड़ा, उम्र 26 वर्ष हाल किराएदार चित्र बिहार, नकरोंदा के रूप में हुई है, जो यंग फैशन कंपनी में डिस्ट्रीब्यूटर का कार्य करता था। मृतक के परिजनों को सूचित किया गया है। मृतक के शव को अग्रिम कार्रवाई के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है।

**युवक की संदिग्ध...**लेकर आया था। पुलिस ने बताया कि मृतक के दूसरे मामा सुखदेव ने शंका जाहिर की गई थी कि उसके भांजे के साथ अन्याय हुआ है जिस पर बढ़ते विवाद को देखते हुए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया क्योंकि मृतक का प्रकरण दूसरे प्रदेश का है इस पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उधर एक अन्य प्रकरण में पुरानी गल्ला मंडी निवासी किशन नामक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते पेड़ से लटक कर फांसी लगा जिसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। सूत्रों का कहना है कि युवक का परिवार के साथ रात्रि में किसी बात कोलेकर विवाद हुआ था।

## बेखौफ चोरों ने दिन दहाड़े दुकान से गुल्लक उड़ाया

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। पुलिस चौकी से महज कुछ दूरी पर शक्तिफार्म बाजार मे कृष्णा इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान पर चोरों ने दिन के उजाले मे गुल्लक पर हाथ साफ कर दिया। दुकान स्वामी ओमप्रकाश ने कार्यवाही की मांग करते हुये चौकी मे तहरीर दी है। तहरीर में कहा है कि गुरूवार को उनका बेटा विवेक कुमार दुकान पर बैठा था। विवेक अपने पड़ोस मे फास्ट फूड के दुकानदार से कहकर लघुसंख्या के लिए गया था। कुछ देर बाद जब वापस आया तो देखा दुकान पर रखे गुल्लक जिसमे लगभग 35 हजार रुपये थे गायब था। खोजबीन करने और आस पड़ोस से जानकारी की पर कुछ पता नही चला। पुलिस जाँच मे जुटी है। इधर प्रांतीय उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारिओ ने मामले की गंभीरता को देखते हुये, पुलिस चौकी पहुंच कर जल्द ही चोरी के खुलासे की मांग की। व्यापार मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल ने कहा की जिस प्रकार से क्षेत्र मे चोरी की घटनाये हो रही है,चिंता का विषय है,दिन दहाड़े हुई चोरी से व्यापारीओ मे भी डर का माहौल बना हुआ है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# श्री रामलीला मंच पर धूमधाम से स्थापित हुआ महावीर ध्वज

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।नगर की प्राचीनतम बस अड्डे वाली रामलीला के मंच पर बड़ी धूमधाम से महावीर ध्वज स्थापित किया गया। श्री रामलीला कमेटी, श्री राम नाटक क्लब, श्री नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच धूमधाम से ध्वज यात्रा प्रारंभ हुई। धार्मिक जयघोषों के बीच इस ध्वज यात्रा में श्री रामलीला कमेटी एवं श्री राम नाटक क्लब के समस्त पदाधिकारी व सदस्य द्वारा माईक से पूरे क्षेत्र में 13 अक्टूबर से प्रारम्भ हो रही श्री रामलीला की जानकारी देते हुये समस्त जनता जनार्दन से इसमें प्रतिभाग करनें का आह्वाहन किया जा रहा था। युवा सदस्य ढोल रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल नें कहा कि सनातन हिन्दू धर्म में ऐसा माना जाता है कि बिना ध्वजा (ध्वज, पताका, झण्डा) के धर्मस्थल में असुर निवास करते है इसलिए जो वाहन है, वही उनकी ध्वजा पर भी अंकित होता है। इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, कोषाध्यक्ष सीए अमित गंभीर, समन्यवयक नरेश शर्मा, कन्नौजिया, अनिल तनेजा, सचिन आनंद, रमन अरोरा,सौरभ राज बेहड़, सुभाष तनेजा, राजकुमार कक्कड़, सचिन मुंजाल, अमन गुम्बर, रोहित खुराना, गोगी, अमित चावला, सन्नी





सनातन धर्म युवा मंच के समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों सहित बड़ी संख्या में राम भक्त श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में जुटे। श्री राम जी की भूमिका निभा रहे मनोज अरोरा एवं श्री बजरंग बली हनुमान जी की भूमिका निभा रहे सुशील गाबा नें मंदिर में माथा टेककर ध्वज उठाया, इसके बाद मंदिर से लेकर श्रीराम लीला मंच स्थल तक ढोल पूरी श्रद्धाभावना से उनके साथ -साथ चल रहे थे। उनेकों जगहों पर स्थानीय जनता नें पुश्पवर्शा कर ध्वज यात्रा का स्वागत किया। शिवाजी चौक भगत सिंह चौक एवं राष्ट्रीय राजमार्ग से होते हुए यह ध्वज यात्रा ध्वज यात्रा खेड़ा रोड प्राचीन रामलीला के मुख्य मंच तक पहुंची। श्री राम नाटक क्लब के सदस्य गुरशरण बब्बर शरणी व अन्य कलाकार नगाड़ों की थाप पर इस उत्सव की खुषियां मना रहे थे। शोभायात्रा के मंच पर पहुंचनें पर पंडित ओमप्रकाश द्वारा धार्मिक मंत्रोच्चार के मध्य ध्वज पूजन किया गया। इसके बाद श्रीरामलीला कमेटी के संरक्षक तथा किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ व समस्त पदाधिकारियों नें आरती वंदन किया, इसके बाद मंच पर ध्वज स्थापना की। श्री धर्मस्थल में सदैव ध्वजा लगी होनी चाहिए। यह रक्षा ध्वज है जो मन्दिर और नगर की रक्षा करता है। प्राचीनकाल में देवताओं और असुरों में भीषण युद्ध हुआ। उस युद्ध में देवताओं ने अपने-अपने रथों पर जिन-जिन चिह्नों को लगाया, वे उनके ध्वज कहलाये। तभी से ध्वजा लगाने की परम्परा शुरु हुई। जिस देवता का ट्रांजिट कैंप थानाध्यक्ष सुंदर शर्मा, विजय जग्गा, राकेश सुखीजा, रघुवीर अरोरा, अमित अरोरा बोबी, राजकुमार छाबड़ा,आशीष ग्रोवर आशू, हरीश सुखीजा, मनोज मुंजाल, विशाल भुड्डी, केवल कृष्ण बत्रा, हरीश अरोरा, मोहन लाल भुड्डी, महावीर आजाद, प्रेम खुराना, गौरव तनेजा, राजेश चावला, राजेश पुंशी , संजीव आनन्द, राम कृष्ण आहूजा, आशीष मिड्डा, विजय विरमानी, मनोज गाबा, अमित चावला, अमित वर्मा, कपिश सुखीजा, सुमित आनंद, दिव्यांश गोयल, गर्व ठक्कर, हर्ष नरूला, पुरुराज बेहड़, कनव गंभीर, जय तनेजा, मोहन अरोरा, नीतीश धीर, अशोक गुंबर, पुलकित बांबा, संदीप धीर, सनी नरूला, पप्पू सेवादार, आयुष्मान सुशील गाबा, विशाल अनेजा आदि उपस्थित थे।

## उत्तराखण्ड टॉपर उर्वशी को दीक्षांत समारोह में किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कालाढूंगी आईटीआई के दीक्षांत समारोह वर्ष 2023 24 में उत्तराखंड राज्य की टॉपर उर्वशी अग्रवाल को पार्षद श्रीमती कविता वालिया एवं आईटीआई फोरमेन पीके जोशी



द्वारा प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही संस्थान में 17 छात्र छात्राओं को अन्य कोर्सेज में प्रथम द्वितीय तृतीय को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण संस्थान के समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## गदरपुर में अनाज मंडी की रामलीला का हुआ शुभारंभ

गदरपुर(उद संवाददाता)।श्री रामलीला कमेटी एवं श्री राम नाट्य कला परिषद के पदाधिकारी और कलाकारों ने पूजा अर्चना कर शपथ ग्रहण की कि संपूर्ण श्री रामलीला के आरंभ से अंत तक कोई मदिरा एवं मांस का सेवन नही करेगा और सभी अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। इसके पश्चात प्रथम दृश्य सीता जन्म को दर्शाया गया जिसमे राजा जनक की भूमिका में दीपक छाबड़ा, कुल गुरु की भूमिका में गुलशन शर्मा, मंत्री की भूमिका में कशिश खुराना रहे। प्रवीण गिलहोत्रा, सुनील कालरा, सागर कालरा, मुनि भुसरी,अविश अरोरा, करण कालरा, अमन छाबरा, यश अरोड़ा, शोर्य एवम समस्त कलाकारों ने सुंदर अभिनय कर दृश्य में चार चांद लगाए जिसमे कलाकारों को डायरेक्टर अशोक पोपली, अशोक सुधा, राजू भुड्डी, जगदीश




भुड्डी, सुभाष खुराना, सिद्धार्थ भुसरी द्वारा निर्देश दिए गए।इस बीच हरिचंद छाबड़ा ,महेंद्र इश्पुजनी,धर्म चंद खेड़ा, श्याम लाल सुखीजा, वेद राज बजाज, तिलक राज भुसरी,अजीत भुसरी, पवन बजाज, अशोक हुडिया, अशोक भुड्डी, राज कुमार भुड्डी, विनोद भुसरी, कृष्णलाल सुधा, लेखराज भुड्डी, विजय छाबड़ा, इंद्रजीत डाबर, विजय भुड्डी, अजय खेड़ा, रविंद्र वीर सिंह,कृष्णलाल बत्रा, सतीश छाबड़ा, विजय सुखीजा, राजू कुमार, सुभाष खुराना, अनिल बत्रा, मुलखराज अरोरा, सोमनाथ छाबड़ा, राजेश अग्रवाल, आदित्य सुखीजा, गौरव भुड्डी, प्रमोद बजाज, सक्षम ग्रोवर, मुकेश पाल, सुभम बत्रा, मयंक चुघ, अरुण बजाज, अनिल सुधा, निर्मल दास नारंग, अनमोल भुड्डी ,पारस धवन, श्याम सुंदर कालड़ा, धीरज इश्पुजानी, अंकित गगनेजा, संजीव अनेजा, विजय पोपली, गणपति विश्वास, सागर अनेजा, प्रवीण गगनेजा, अमित ढींगरा, राकेश छाबड़ा, रोहित कालड़ा, दीपक भुड्डी, सुधीर भुसरी एवम श्री राम नाट्य कला परिषद की समस्त कार्यकारिणी और कलाकार उपस्थित रहे।

